खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मेरठ, मंगलवार 19 अगस्त 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 78 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 24 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




नकली खाद व बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज खेल टाइम्स



बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद सम्पादकीय



यूक्रेन नाटों में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प पेज 12

# ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों दें: सुप्रीम कोर्ट

## टोल वसूली पर NHAI की याचिका को लेकर शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालएक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था, क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली- मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है, तो उनसे टोल वसूलने का क्या -**शेष पृष्ठ दो पर**

### डेलकर की कथित आत्महत्या से संबंधित याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सात बार के सांसद मोहन डेलकर की 2021 में कथित आत्महत्या के मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने मृतक के बेटे अभिनव मोहन डेलकर द्वारा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज की।



### प्रशिक्षु सैन्य कैडेटों के सेवामुक्त होने पर बीमा लाभ देने पर विचार करे केंद्र

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में कमीशन अधिकारी बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों को दिव्यांगता या गंभीर चोट लगने से संबंधित किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए उन्हें बीमा दायरे में लाने की संभावना तलाशने के मामले में स्वत: संज्ञान सुनवाई करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार के एक लेख पर स्वत: संज्ञान कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

### पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा विभाग की नौकरी में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित मामले में तीन साल से जेल में बंद पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य दो लोगों को सोमवार को राहत दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि सीबीआई की ओर से दर्ज इस मामले में निचली अदालत द्वारा दो माह के भीतर महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। पीठ ने इस मामले में पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग के अधिकारी सुबीरेश भट्टाचार्य और शांति प्रसाद सिन्हा की भी जमानत मंजूर कर उन्हें राहत दी। शीर्ष अदालत ने राहत देते हुए इस तथ्य पर गौर किया कि चटर्जी लगभग तीन साल से जेल में बंद हैं।

### उप्र में स्कूलों को बंद करने पर विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने याचिका ठुकराई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र सरकार के 105 सरकारी प्राथमिक स्कूलों को अन्य स्कूलों के साथ जोड़ने के फैसले के खिलाफ 'आप' सांसद संजय सिंह की रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से मना कर दिया कि यह मामला पहले से ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष लंबित हैं। पीठ ने उच्च न्यायालय को इस मामले का निपटारा शीघ्र करने को कहा।

# पुतिन ने मोदी से की फोन पर बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान करता रहा है और वह इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

श्री मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही। उन्होंने

### रूसी राष्ट्रपति ने की ट्रम्प से मुलाकात की जानकारी साझा

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फ़ोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी हालिया मुलाक़ात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात की है और उन्हें अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया।

# सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए बैठक की।

सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में कई विपक्षी नेताओं ने बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि कैसे मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को उनकी ओर से उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कुछ विपक्षी सांसदों का मानना है कि इस लड़ाई को आगे



बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया। हालांकि, यह कदम चर्चा के चरण में है। विपक्षी दल फिर से मिलेंगे और इस पर आगे चर्चा करेंगे। दरअसल, एक दिन पहले यानी रविवार को ही चुनाव आयोग ने एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि कुछ लोगों की तरफ से पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाए आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं। उन्होंने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सात दिन में हलफनामा नहीं मिला, तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। वोट चोरी के आरोपों के बीच विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ -**शेष पृष्ठ दो पर**

### महाराष्ट्र- हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी से जीता: राहुल गांधी

**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभी केवल मैंने इनकी चोरी पकड़ी है आने वाले समय में पूरी देश की जनता इनसे इनकी चोरी पर सवाल करेगी। बिहार में यह एसआईआर करके वोटों की चोरी करना चाहते हैं। एसआईआर का मतलब है नए तरीके से चोरी करना। नरेंद्र मोदी चोरी करके चुनाव जीते हैं, लेकिन बिहार की जनता यहां इनकी चोरी नहीं चलने देगी।



## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने दो बेटियों को नदी में फेंका, खुद भी लगाई छलांग

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के रामपुरा क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने सोमवार को अपनी दो मासूम बच्चियों को यमुना नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी। क्षेत्राधिकारी माधवगढ़ अंबुज सिंह ने बताया कि मधेपुरा गांव निवासी रज्जन निषाद (28) शराब का आदी था और अक्सर पत्नी से झगड़ा करता रहता था। सोमवार को विवाद के बाद वह अपनी बेटियों सुनैना (6), अला (4) और छोटी (2) को लेकर जुहीका पुल पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने पहले अला और छोटी को तेज धार में फेंक दिया। यह देखकर बड़ी बेटी सुनैना घबरा गई और पुल से भागकर जोर-जोर से रोने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्ची से पूरी घटना की जानकारी ली। इसी बीच लोगों को आता देख रज्जन ने भी नदी में छलांग लगा दी।

### कांग्रेस ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास का घेराव

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आवास का घेराव किया और नारेबाजी की। आगरा की विजय नगर कॉलोनी में मुख्य चुनाव आयुक्त का आवास है, जहां आज सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर पहुंच गए। तख्तियों पर आपत्तिजनक नारे लिखे हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास की तरफ बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोकने की कोशिश की। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी झड़प भी हुई। इस बीच कांग्रेस समर्थक मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास के बाहर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे।

# फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी पूजा पाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा से निष्कासित विधायक ने कहाः समर्थकों की राय पर ही उठाएंगी अगला कदम

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूजा पाल ने कहा है कि वह फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी और अपने समुदाय के लोगों से चर्चा के बाद अगला राजनीतिक कदम उठाएंगी। उन्होंने हाल ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

पाल ने कहा कि वह अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी हैं, मुलायम सिंह यादव की नहीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने समाजवादी पार्टी के लिए दरवाज़ा बंद कर दिया है, तो पाल ने कहा कि उन्होंने खुद ही दरवाज़ा बंद कर लिया है और यह अच्छी बात है। अगर मैं किसी पार्टी में शामिल होती हूं, तो वह 'विचारधारा' के आधार पर होगी और आपका विचार स्पष्ट होना चाहिए। विधायक ने कहा कि जब 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी, तब पार्टी ने माफियाओं को दूर रखा था। पाल ने कहा कि मैं मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी से नहीं जुड़ी थी। मैं अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी थी, क्योंकि उन्होंने माफियाओं को दूर रखा था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं, जिनकी 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपने अगले राजनीतिक कदम के बारे में, तीन बार विधायक रहीं पाल ने कहा कि वह कोई भी फैसला लेने से पहले पाल समुदाय के सदस्यों से बात करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि अभी नहीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और पाल, दोनों ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ कार्यालय ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा कि कौशाम्बी जिले के चायल विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक पूजा पाल ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# राष्ट्रपति ने शाहनवाज को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ/ मुजफ्फरनगर।** 15 अगस्त 2025 को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सहायक रेडियो अधिकारी (उत्तर प्रदेश) शाहनावाज हुसैन को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा है यह पदक उन्हें मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक डॉ. विपिन टांडा द्वारा दिया गया है। बताया जाता है शाहनावाज हुसैन पिछले 9 माह पूर्व अलीगढ़ से सेवानिर्वत हुए थे, जबकि उन्हें 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया था, जबकि 2022 में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा अति उत्तकृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया था और 2025 में रिटायर होने के बाद भारत की राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया। शाहनावाज हुसैन बुलंदशहर, अमरोहा, सहारनपुर, मुरादाबाद, एटा व अलीगढ़ में अपनी सेवाएं पुलिस विभाग में दे चुके है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें मुबारकबाद दी है।

# भाजपा के इशारे पर काम करता है चुनाव आयोगः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई, तब से चुनाव में शिकायत पर उत्तर प्रदेश में कोई अधिकारी नहीं हटाया गया है।

समाजवादी सरकार की सरकार के समय चुनाव के समय कई अधिकारी हटा दिए गए थे। इसका मतलब है कि चुनाव आयोग भाजपा का कहना ज्यादा मानता है। हम चुनाव आयोग से शिकायत करते है, तो कोई कार्रवाई नहीं होती है। लगता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है। यादव ने कहा कि भाजपा की छिबरामऊ से विधायक ने अपने बूथ पर 400 फर्जी वोट बनवाए थे। चुनाव आयोग को देखना चाहिए कि भाजपा के लोग अपने बूथों पर ज्यादा वोट क्यों बनवाते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने आम चुनाव से लेकर उपचुनाव तक कई अधिकारियों की शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2017 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कितने अधिकारी ट्रांसफर हुए थे, वहीं लोकसभा चुनाव 2019, विधानसभा चुनाव 2022 और लोकसभा चुनाव 2024 में शिकायत पर एक भी अधिकारी का ट्रांसफर नहीं हुए। 2014 लोकसभा चुनाव में तथा 2017 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा चुनाव में जिस अधिकारी की शिकायत कर देती थी, उसका ट्रांसफर हो जाता था। भाजपा की सरकार के दौरान चुनाव में विपक्ष शिकायत करता रहा लेकिन अधिकारियों को नहीं हटाया गया। इस सबके लिखित दस्तावेज हैं।

# नकली खाद-बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी

नई दिल्ली, वार्ता



■ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने दिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नकली खाद-बीज और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौहान यहां कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि अगर खराब दवाई के कारण किसानों की फसलें खराब होती हैं, तो इसे पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों किसान नकली दवा और कीटनाशक के कारण बहुत परेशान हैं। चौहान ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह स्वयं किसानों के खेत पर जाकर देख चुके हैं कि खराब दवाई के चलते फसल चौपट हो गई। वास्तव में नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप हैं। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे खेतों में खुद जाकर जांच करें। कृषि अधिकारियों को व्यापक पैमाने पर आकस्मिक छापेमारी का अभियान चला कर कार्रवाई करनी चाहिए।

## आरोपों का जवाब देने बजाय राहुल गांधी के सवालों को नकारा

# जिम्मेदारियों से भाग रहा चुनाव आयोगः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



सांसदों की आयोग की गतिविधियों पर नजर, उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया सकता हैः गौरव गोगोई

कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गतिविधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सोमवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन के नेताओं के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग सवालों का जवाब देने की बजाय जिम्मेदारियों से भाग रहा है, लेकिन सांसद उसकी गतिविधियों पर नजर रखेंगे और समय आने पर जरूरी करवाई को लेकर कदम भी उठाए जाएंगे। आयोग गांधी तथा अन्य राजनीतिक दलो के नेताओं के सवालों के जवाब नहीं दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है। आयोग जिम्मेदारियां से भाग रहा है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है। चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी को नकारा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग को अपनी कमियों को बताना चाहिए था और विपक्षी सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन उसने इसके विपरीत रानीतिक दलों पर ही सवाल उठाया और एक तरह से सवाल उठाने वाले दलों पर पर आक्रमण किया। सवाल था कि बिहार में हड़बड़ी में मतदाता सूची पुनरीक्षण क्यो हो रहा है, महाराष्ट्र में मतदाता कैसे बढ़े, आधार की प्रमाणिकता के खिलाफ क्यों है आयोग, इन सवालों का जवाब नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता से स्पष्ट है की आयोग में ऐसे अधिकारी काम कर रहे हैं, जो निष्पक्ष नहीं है। ऐसे अधिकारी किसी भी तरह की शिकायत पर जांच के खिलाफ है।

### वोटर अधिकार यात्रा पर भाजपा का तीखा हमला

**नई दिल्ली।** भाजपा के मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि जब से माननीय मोदी जी की सरकार बनी है, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के प्रेस के मुद्दे वही होते हैं और अब हम भी थक जाते हैं, उन्हीं प्रश्नों के जवाब देते-देते। जनता को लगता होगा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोगों की हताशा की सीमा इस कदर बढ़ गई है कि हमेशा चोर-चोर करते रहते हैं। संबित पात्रा ने आगे कहा कि राफेल के समय पर चौकीदार-चोर, अब वोट की चोरी, ए स्वाभाविक है, जिसके स्वभाव में जो होता है, उन शब्दों का प्रयोग वो बार-बार करता है। अब देखिए दो लड़के, यूपी में दो लड़के थे यहां भी दो लड़के हैं। दो लड़के ए जेल यात्रा, बेल यात्रा सबकुछ करने के बाद अब कौन सी यात्रा कर रहे हैं पता नहीं चोरी की यात्रा, कुछ नहीं होने वाला है। जनता जनार्दन है, सब कुछ जानती है।

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80597.66 |
| निफ्टी | 24938.20 |
| सोना रु. | 101406 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) |
| चांदी रु. | 114050 प्रति किलो |

# जीएसटी सुधारों की घोषणा से उछला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अगले चरण के बड़े सुधारों की घोषणा के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 808.13 अंक की तेजी के साथ 80,597.66 अंक पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 306.90 अंक की बढ़त में 24,938.20 अंक पर खुला। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स 1,168 अंक चढ़ता हुआ 81,765.77 अंक पर पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,083.89 अंक यानी 1.34 प्रतिशत ऊपर 81,681.55 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 80,597.66 अंक पर बंद हुआ था।

निफ्टी-50 भी 25 हजार अंक के स्तर को पार करता हुआ 391 अंक की मजबूती के साथ 25,022 अंक तक पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 373.85 अंक यानी 1.52 प्रतिशत ऊपर 25,005.15 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 24,631.30 अंक पर बंद हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों की घोषणा की थी। इसमें ढांचागत सुधारों के अलावा जीएसटी में स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करने और आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर कम करके उन्हें राहत देने की बात कही गयी है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा को मजबूती मिली है। ऑटो सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी और बैंकिंग शेयरों में उछाल रहा। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 7.5 फीसदी की बढ़त में थे।

# सोना-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 18 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 400 रुपए गिरकर 99,623 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,00,023 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत आज 883 रुपए कम होकर 1,14,050 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,933 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,013,30 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत घ1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800 सोना इस साल अब तक 23,461 महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,461 रुपए बढ़कर 99,623 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 28,233 रुपए बढ़कर 1,14,050 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालें, चीनी मजबूत



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी देखी गयी। चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख देखने को मिला। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 49 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,560 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.95 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 92 रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 3,835.08 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। वहीं, गेहूं नौ रुपए गिरकर 2,839.71 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। आटा भी 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,290.85 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन 258 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 32 रुपए और वनस्पति 114 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 18 रुपए की गिरावट देखी गई। सोया तेल भी 85 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत करीब 108 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 111 रुपए और तुअर दाल 232 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 86 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। मूंग दाल भी 117 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। गुड़-चीनीः बाजार में गुड़ के औसत भाव 115 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुख्य चुनाव...** महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने भी इस मुद्दे पर बात की और कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव सहित सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र की सभी शक्तियों का इस्तेमाल करेंगे। अभी तक हमने महाभियोग के बारे में कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। वे दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर संसद में बहुत कम कामकाज हुआ है। ज्यादातर एसआईआर मुद्दे पर ही सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है, लेकिन भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर से नहीं, जब वे वही आरोप लगाते हैं।

**ट्रैफिक जाम...** औचित्य है। जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। गुरुवायूर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जो यहां टोल वसूल रही है, ने भी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दिवान ने कहा कि उनके जिम्मे जो 60 किलोमीटर का हिस्सा है, उसकी देखभाल ठीक से की जा रही है। असली समस्या उन जगहों पर है जहां एनएचएआई ने काम किसी तीसरी कंपनी (पीएसजी इंजीनियरिंग) को सौंपा है। अप्रैल 2024 से ये कंपनी काम देख रही है। दीवान ने दावा किया कि टोल वसूली बंद होने से उन्हें पहले ही 5-6 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चार हफ्तों के लिए टोल वसूली रोक दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब सड़कें खराब हों और ट्रैफिक सुचारू न हो, तो जनता से टोल वसूला नहीं जा सकता। यह जनता और एनएचएआई के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि मानसून की वजह से मुश्किलें बढ़ी हैं। फिलहाल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और जल्द ही यह तय करेगा कि पालएक्कारा टोल प्लाजा पर वसूली दोबारा शुरू होगी या नहीं।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसंकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद | आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद

ऑल इण्डिया आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दु-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष

# जवान के साथ मारपीट का विरोध भूनी टोल पर ग्रामीणों का हंगामा

## टोल कर्मियों ने सेना के जवान को खंभे से बांधकर की थी मारपीट, आरोपियों पर रासुका की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सेना के जवान के व उसके परिवार के साथ की गई मारपीट व अमानवीय कृत्य के खिलाफ सोमवार को ग्रामीणों को गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पहुंचकर जमकर हंगामा करते हुए प्लाजा में तोड़फोड़ कर दी, जिससे टोल पर हड़कंप मच गया, मौके पर मौजूद पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण आरोपियों के खिलाफ रासुका लगाने की मांग पर अड़े रहे। घंटों की मशक्कत के बाद अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीण मौके से हटे, पुलिस ने फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए धरपकड़ तेज शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि गांव गोटका निवासी कपिल पुत्र कृष्णपाल भारतीय सेना में कश्मीर तैनात है। आपरेशन सिंदूर के बाद कपिल 10 दिनों की छुट्टी बिताने के लिए गांव आया हुआ था। रविवार रात्रि करीब 9 बजे सरूरपुर थाना क्षेत्र के भूनी टोल प्लाजा से होते हुए परिवार के साथ कपिल दिल्ली एयरपोर्ट जा रहा था, जहां से उसकी प्लेन के जरिए वापस डयूटी जाना था। टोल पर लगी लंबी लाइनें के चलते टोल पर मौजूद कर्मचारियो के साथ कहासुनी हो गई, कपिल ने अपना आर्मी कार्ड दिखाया, फिर भी कर्मचारियों ने उसके साथ बदतमीजी करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मामला इतना बढ़ा कि आरोपियों ने कपिल को खंभे से बांधकर लोहे की रोड व ईटों से जमकर पीटकर घायल कर दिया, साथ ही बीचबचाव के लिए बीच में आएं उसके भाई को भी गंभीर चोंटे आई थी। सेना के जवान के साथ हुए इस घटना का वीड़ियों सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। रात्रि में ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया था।

सोमवार सुबह कपिल के घर पहुंची आर्मी पुलिस घायल कपिल को उपचार के लिए आर्मी हास्पिटल ले गई थी। इस प्रकरण की जानकारी मिलते ही सुबह से गांव गोटका में भारी संख्या में लोग कपिल के घर पहुंचे। उसके बाद सैकड़ों की तादाद में इकट्ठा होकर ग्रामीण घटनास्थल टोल प्लाजा पर पहुंच गये, जहां पर रात की घटना में शामिल आरोपी दिखने से गामीणों मे रोष फैल गया, ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ करते हुए कर्मचारियो के साथ मारपीट कर दी। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई, टोल कर्मी मौके से भाग खड़े हुए। मौके पर मौजूद पुलिस ने किसी तरह से मामले को



शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण मौके पर ही धरना देकर बैठ गये। कई घंटों तक चलते इस हंगामे के दौरान कई थानों की फोर्स सीओ व एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा एडीएम समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंच गये। इस दौरान टोल पर कई किसान यूनियन व अन्य संगठनों के लोग भी अपने समर्थको के साथ घंटों तक डटे रहे। ग्रामीणों ने मांग की इस घटना में शामिल फरार आरोपियों की तत्काल प्रभाव से गिरफ्तारी के साथ रासुका लगाने व कंपनी के नाम टेंडर समाप्त करने की मांग की। शाम को मौके पर पहुंचे भाजपा नेता व पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम ने टोल पर पहुंचकर अधिकारियों से वार्ता करते हुए ग्रामीणों को समझाया। अधिकारियों ने टेंडर समाप्त करने व आरोपियों पर रासुका लगाने की बात पर ही ग्रामीण धरने से हटे। कई घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान टोल प्लाजा वाहनों के लिए फ्री रहा। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। कपिल की पिता के तरफ से दर्ज मुकदमे में पुलिस ने सोमवार शाम तक 6 लोगों की गिरफ्तारी करते हुए उन्हें जेल भेज दिया।

# दो घंटे की बारिश ने बिगाड़ा सरधना का निजाम

## 20 साल से जलभराव की समस्या से जूझ रहा है क्षेत्र, नहीं मिली निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सोमवार को नगर में हुई दो घंटों तक बारिश ने नगर में जलभराव का सारा 'निजाम' ही बिगाड़ दिया। नगर के सभी मुख्य मार्गो पर पानी भर गया। घंटों तक जलभराव की समस्या से लोग जूझते रहें। नगर में पानी निकासी की मुख्य समस्या है, पिछले बीस सालों में वर्तमान चेयरमैन शकीला अंसारी व उनके पति निजाम अंसारी का ही दबदबा रहा है। फिर भी इस समस्या से लोगों को निजात नही मिल सकी। सोमवार सुबह हुए दो घंटों तक बारिश से पूरे नगर क्षेत्र में जलभराव हो गया। जिससे राहगीरों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा। तहसील रोड, पुलिस चौकी बस स्टैंड, गंज बाजार, देवी मंदिर, कालंद चुंगी समेत कई मुख्य मार्ग पानी में डूब गए। घंटों के पानी की निकासी होने के बाद लोगों को जलभराव से छुटकारा मिल सका। दिनभर सोसल मीडिया पर जलभराव की वीड़ियों व फोटो वायरल होते रहे, और नगरवासी नगर पालिका पर भी सवाल उठाते रहें।




# निसान ने लॉन्च किया एक्सटेंडेड वारंटी प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** निसान मोटर इंडिया ने नई निसान मैग्नाइट के लिए अपनी तरह का पहला 10 साल का एक्सटेंडेड वारंटी प्लान लॉन्च किया। यह सेगमेंट में अपनी तरह का पहला प्लान है, जो गुणवत्ता, भरोसे और मन के सुकून को लेकर ब्रांड की लॉन्ग-टर्म कमिटमेंट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एओपी एडल्ट ऑक्युपेंट सेफ्टी में परफेक्ट 5-स्टार रेटिंग के साथ ओवरऑल पैसेंजर सेफ्टी में नई निसान मैग्नाइट को 5-स्टार रेटिंग मिलने की सफलता के बाद कंपनी ने इस एक्सटेंडेड प्लान का एलान किया है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, नई निसान मैग्नाइट भारतीय ग्राहकों के लिए क्वालिटी, रिलायबिलिटी, सेफ्टी और लॉन्ग-टर्म वैल्यू है।

## एक नजर

# एकता सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस पर फहराया तिरंगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एकता सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अबरार अहमद ने जामिया कालोनी, ईरा गार्डन और मुख्य कार्यालय हापुड़ अड्डे पर अपने कार्यकर्ता व साथियों के साथ स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमें मिली है हमें इस आजादी की कद्र करनी चाहिये। इस बीच सभा को भी संबोइस दौरान एडवोकेट हाजी महबूब राणा, शहाबुद्दीन, हाजी नोशेर, आशू, हाजी मेहराज, नौशाद सुनार आदि लोग शामिल रहे।

# वार्ड-27 में कार्यरत सफाई कर्मचारी से मारपीट, गुस्साएं पदाधिकारियों ने कार्रवाई की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 11 अगस्त को वार्ड 27 मोदीपुरम में सफाई कर्मचारी राजन पुत्र स्वर्गीय ब्रहम के साथ कुछ लोगों ने गाली गलौच कर मारपीट कर दी थी। अगले ही दिन पूर्व महामंत्री कैलाश चंदोला, अरुण चिनाय, अंकुश मेहरोल, विनेश विद्यार्थी, रोहित मनोठिया राजू, नरेश तंवर, संजू मनोठिया, जीते पहलवान, अविनाश (पिंटू), अर्जुन टांक, मोंटी गहलोत आदि ने एसपी सिटी के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। इसके अलावा वार्ड-27 के पार्षद प्रदीप वर्मा, नगर आयुक्त व अपर नगर आयुक्त से भी शिकायत कर कर्मचारी की सुरक्षा की गुहार लगाई गई और प्रार्थना पत्र को सीओ दौराला को भिजवाया। जिसके बाद मोदीपुरम पुलिस हरकत में आई और कार्रवाई की। कार्रवाई होने के बाद दूसरे पक्ष ने सफाई कर्मचारी राजन को फिर जान से मारने की धमकी दी। सोमवार को गुस्साएं पूर्व महामंत्री कैलाश चंदोला ने थाने पहुंचकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान अरुण चिनाय कार्यवाहक अध्यक्ष, अंकुश मेहरोल महामंत्री, रोहित मनोठिया राजू, नरेश तंवर आदि मौजूद रहे। सभी में गहरा गुस्सा था उनका कहना था कि सफाई कर्मचारी का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 29 अगस्त को तहसील मुख्यालय मेरठ पर होगी मत्स्य पट्टे की नीलामी

**मेरठ।** तहसीलदार नीलामी अधिकारी ने सर्वसाधारण को बताया कि छह ग्रामों में मत्स्य पालन हेतु तालाब पोखर मीनाषय एवं जल प्राणियों के 10 वर्षीय आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियो के मध्य 29 अगस्त को प्रात: 10 बजे से दो बजे तक तहसील मुख्यालय मेरठ पर नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। नीलामी के संबंध में शर्तें तहसील के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

# गांव पांचली खुर्द में ग्राम समाज की भूमि पर भूमाफियाओं के कब्जे का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन कमिश्नर को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि पांचली खुर्द के ग्राम प्रधान पति अनिल कुमार द्वारा ग्राम समाज की भूमि को भूमाफियाओं से बचाने के लिए पिछले कई वर्षों से संघर्ष किया जा रहा है। अनिल कुमार कई बार मुख्यमंत्री दरबार जाकर इस भूमि को हड़पने का प्रयास कर चुके हैं।

खसरा नंबर 603 जो सरकारी अभिलेखों में ग्राम समाज की भूमि थी लेकिन कुछ भूमाफियाओं ने उस भूमि पर सतीश पुत्र रामसे के नाम से पट्टा काट दिया सतीश वह व्यक्ति है जो कभी गांव में रहता ही नहीं



सन 2004 में इसकी शिकायत तत्कालीन विधायक व ग्रामवासियों द्वारा डीएम से की गई थी गांव में मुनादी कर व लोगों से मौखिक जानकारी के आधार पर जांच की गई। जांच के बाद इस भूमि से सतीश का नाम खंडित कर ग्राम सभा में अंकित कर दिया गया था। उनका आरोप है कि इस भूमि पर पहले से ही प्रदीप जैन और ऋतु जैन की नजर है और वह इस भूमि को हड़पना चाह रहे हैं उन्होंने कहा कि इस भूमि को भूमाफियाओं से मुक्त कराया जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन इंडिया सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करेगी।

# कानपुर के जॉली मिश्रा और मेरठ के जॉली त्यागी आमने-सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अब शुरू होगा असली कोर्टरूम का दंगल! देश की सबसे पॉपुलर कॉमेडी फ्रेंचाइजी जॉली एलएलबी लौट आई है अपने तीसरे और अब तक के सबसे धमाकेदार राउंड के साथ और टीजर भी आउट हो चुका है। इस हंसी-ठहाकों से भरे झलक में, जज त्रिपाठी सौरभ शुक्ला एक बार फिर फंस गए हैं दो जॉली के बीच तीखी जुबान वाले जॉली मिश्रा अक्षय कुमार और जुगाड़ू जॉली त्यागी अरशद वारसी। आगे शुरू होता है ताबड़तोड़ जवाब, नोक झोंक और मस्त-मजेदार कोर्ट रूम हंगामा। जिसमें दोनों जॉली एक दूसरे से जुबानी बाजी मारने में लगे हैं, और त्रिपाठी साहब की सहन शक्ति बस धागे पर लटकी है। स्टार स्टूडियो 18 की पेशकश, सुभाष कपूर लिखित और निर्देशित है।

# जानी में मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 79वीं पुण्यतिथि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा यह नारा हमारे नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने दिया था देश के लिए न जाने कितने देश भक्तों ने आजादी के लिए कुर्बानी दी थी आज हम जो भी कुछ है इस आजादी की वजह से ही है वरना आज भी हम अंग्रेजों के गुलाम होते। वहीं सोमवार को जानी क्षेत्र में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 79 वीं पुण्यतिथि मनाई गई उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उनको याद किया गया। वहीं ग्रामीण अनवार ने कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस एक विमान में ताइवान में दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे जहा आज तक उनका कोई पता न चला उनकी मौत का राज एक रहस्य ही बन गया उन्होंने ही नारा दिया था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा।

# साहब कुछ तो विचार करो!



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरकार की योजनाओं के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी कार्यालयों पर होर्डिंग लगवाए जाते हैं। काफी समय से यह परंपरा चली आ रही है सरकार किसी की भी हो प्रदेश के सीएम की तरफ से होर्डिंग लगवाए जाते हैं चुनाव के समय इन्हे हटवा दिया जाता है। जिला मुख्यालय पर बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तरफ से सूचना विभाग द्वारा होर्डिंग लगवाए गये हैं लेकिन जिस प्रकार महापुरूषों की प्रतिमा केवल विशेष अवसरों पर ही देखी जाती है यही हाल प्रदेश के मुख्यमंत्री के होर्डिंग का भी हो रहा है। जिला मुख्यालय के धरनास्थल की तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक होर्डिंग लगा है जो किसी कारणवश मुख्यमंत्री के मुह पर से ही फट गया है लेकिन जिम्मेदार लोगों ने इसे हटवाने के लिए कोई पहल नहीं की है। जबकि जिलाधिकारी सहित तमाम अधिकारी, कर्मचारी और राजनेता, जनसाधारण का भी एकमात्र यही रास्ता है। सोमवार को यह होर्डिंग चर्चा का विषय बना रहा। होर्डिंग नवरात्रि की शुभकामना का है। शाह टाइम्स परिवार का आग्रह है कि महापुरूषों सहित इस तरह के होर्डिंग आदि पर ध्यान देने की जरूरत है।

# कार सवार युवकों ने व्यापारी की दुकान में घुसकर किया हमला

## हमलावरों की कार्रवाई के बाद बाजार में मची भगदड़, मौके पर पहुंची पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे कस्बे के पुराने बस स्टैंड स्थित रेडिमेड व्यापारी की दुकान में कार सवार युवकों ने दुकान में घुसकर व्यापारी पर हमला कर दिया। दिनदहाड़े हुई जानलेवा हमले की वारदात से बाजार में भगदड़ मच गई। व्यापारी पर हुए जानलेवा हमले की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को फलावदा सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भिजवाया वहां डाक्टरों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेरठ के लिए रेफर कर दिया। बताया गया कि व्यापारी फैजी पुत्र अख्तर निवासी सनोता कस्बे के पुराने बस स्टैंड पर पिछले कई वर्षों से रिजवी क्लॉथ हाउस के नाम से रेडीमेड कपड़ों की दुकान कर रखी है। दोपहर करीब 2:30 कार सवार युवक व्यापारी की दुकान में घुसकर व्यापारी से गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। युवको ने



व्यापारी पर लाठी डंडों से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने मौके से चार युवकों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी मिलने पर पीड़ित व्यापारी के परिजन सैकड़ो की संख्या में दुकान पर पहुंच गए, वहां खड़ी आरोपियों की कार को घेर लिया। हंगामा होते देख पुलिस कार को कब्जे में लेकर थाने ले आई। इस मामले को लेकर घायल व्यापारी के परिजन और गांव के लोगों की थाने में भीड़ लग गई। घटना के संबंध में पीड़ित व्यापारी के परिजनों ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शुभम पुत्र महकार सिंह, राहुल पुत्र जगनेश, शिवम पुत्र तेजव. ीर निवासी गांव। महल थाना इंचौली, और महेश पुत्र मनोज निवासी कस्बा लावड़ थाना इंचौली मेरठ को नामजद कराया है।

इन चारों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घायल युवक के काफी चोटे आई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक केंद्र भेजा पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया बताया जा रहा है पुलिस द्वारा हिरासत में ली गई कार के अंदर कारतूस पड़े हुए थे परिजनो ने कार के अंदर हत्यार होने की संभावना जताई हैं। व्यस्त बाजार में दिनदहाड़े हुई इस घटना से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई है। वहीं बदमाशों द्वारा जान से मारने के लिए गोली भी चलाई जिससे व्यापारी बाल बाल बचा।

# 9 साल पुराने मामले में शाहजहांपुर चेयरमैन का भाई गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किठौर पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए शाहजहांपुर नगर पंचायत चेयरमैन के भाई रजी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उस पर 2016 में दर्ज जानलेवा हमले के मामले में नामजद होने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, शाहजहांपुर नगर पंचायत की तत्कालीन चेयरपर्सन राना खान के भाई पर वर्ष 2016 में जानलेवा हमला हुआ था। इस मामले में चेयरमैन वसी उर्र रहमान समेत उसके भाइयों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। कोर्ट की ओर से अब तक रजि के खिलाफ लगभग 25 बार गैर-जमानती वारंट



एनबीडब्ल्यू जारी हो चुके थे, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था। सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नहर के पास घेराबंदी कर आरोपी रजी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की भनक लगते ही चेयरमैन और उसका एक अन्य भाई, जो इस केस में आरोपी हैं, घर से फरार हो गए। पुलिस दोनों की तलाश में दबिश दे रही है। गौरतलब है कि इस मुकदमे में चेयरमैन के दो अन्य भाई हिफजू रहमान और शहजर पहले ही जेल की सजा काट चुके हैं। दोनों करीब छह माह तक जेल में रहने के बाद हाईकोर्ट से जमानत पर बाहर आए थे।

# शोभित विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग सप्ताह का हुआ सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रो बोनो क्लब के तत्वावधान में 12 से 18 अगस्त 2025 तक एंटी-रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह के अंतर्गत छात्रों को रैगिंग जैसी कुप्रथा के विरुद्ध जागरूक करने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत 12 अगस्त को पोस्टर प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्रों ने रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से रैगिंग विरोधी संदेश प्रस्तुत किए। 13 अगस्त को कुलपति प्रो. डॉ. वी. के. त्यागी ने व्याख्यान देते हुए छात्रों से शैक्षणिक जीवन में गरिमा, भाईचारे और करुणा को अपनाने का आह्वान किया।

14 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें छात्रों ने प्रेरक नारों के माध्यम से रैगिंग उन्मूलन का संदेश दिया। सप्ताह का समापन 18 अगस्त को छात्रों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक से हुआ, जिसका विषय था ''सीखने का परिसर, न कि चोट पहुंचाने का'। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को गहन रूप से




प्रभावित किया और रैगिंग मुक्त वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी और विवि प्रशासन के सहयोग से यह अभियान सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शोभित विश्व. विद्यालय सदैव एक सुरक्षित, गरिमामय और समावेशी शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण के निर्णय का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को आजाद अधिकार सेना के मेरठ मंडल अध्यक्ष मास्टर अब्दुल अजीज के नेतृत्व में भारत सरकार के पेट्रोल में 20प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण के निर्णय के खिलाफ जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। यह प्रत्यावेदन जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रस्तुत किया।

कहा गया है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के दुष्प्रभावों, जैसे कि वाहनों की माइलेज में 20प्रतिशत तक की कमी, वाहनों को होने वाली क्षति, पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव, और उपभोक्ताओं को शुद्ध पेट्रोल चुनने का विकल्प न दिए जाने जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया गया है। इसके अतिरिक्त, यह भी बताया गया कि विश्व के अन्य देशों में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल शुद्ध पेट्रोल से सस्ता होता है, परंतु भारत में दोनों के दाम समान हैं, जो उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है। साथ ही, देश में उपलब्ध अधिकांश वाहन केवल 10 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण को सहन करने में सक्षम हैं, फिर भी 20 प्रतिशत मिश्रण को अनिवार्य किया गया है, जो जनहित में नहीं है। आजाद अधिकार सेना ने मांग की है कि इस नीति को तत्काल प्रभाव से रोका जाए और एक उच्चस्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ समिति गठित कर इस मुद्दे की निष्पक्ष जांच की जाए। समिति की संस्तुतियों के आधार पर ही इस नीति पर अंतिम निर्णय लिया जाए। मास्टर अजीज ने कहा जबसे भाजपा सरकार आई हैं आते ही मिलावट खोरों को बढ़ावा दिया हैं और खुद भी पैट्रोल में एथनॉल की मिलावट की हैं।

# खंबे में करंट उतरने से कोल्ड ड्रिंक सप्लायर युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रहमपुरी क्षेत्र के लिसाड़ी रोड पर खंबे में करंट उतरने से कोल्ड ड्रिंक सप्लायर युवक की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं परिजनों ने थाने पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के लिसाड़ी रोड घंटे वाली गली के सामने शकूरनगर दिलशाद व नौशाद की हलवाई की दुकान एक युवक कोल्ड ड्रिंक सप्लाई करने आया था तभी बिजली के पोल की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक पाशा पुत्र छोटे खां 35 वर्षीय थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के तारापुरी का रहने वाला था और खुशहाल कालोनी में सरताज नाम के कोल्ड्रिंग के गोदाम में काम करता था। सोमवार सुबह कोल्डिंग सप्लाई करने के लिए ई रिक्शा लेकर गोदाम से निकला था वापस लौटते समय करीब 11:30 बजे हादसा हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर उसके परिवार वालों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। पाशा सोमवार की सुबह गोदाम से ई-रिक्शा में कोल्डिंग लोड करके सप्लाई करने के लिए निकला था। सप्लाई करने के बाद वापस लौटते समय करीब 11:30 बजे जब वह थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के शकूरनगर में दिलशाद व नौशाद की हलवाई की दुकान कोल्ड ड्रिंक उतारने पहुंचा था। वहीं बिजली के पोल की चपेट में आने के कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। आसपास के लोगों का कहना है की पोल में काफी समय से करंट उतरा हुआ है। जिसकी लोगों ने कई बार विद्युत विभाग से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन शिकायत करने के बाद भी विद्युत विभाग ने इस पर ध्यान नहीं दिया और हादसा हो गया। वहीं लोगों को कहना है विद्युत विभाग की भी लापरवाही सामने आ रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना लिसाड़ी गेट पुलिस मौके पर पहुंच गई। लिसाड़ी गेट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना लिसाड़ी गेट पुलिस ने थाना ब्रह्मपुरी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# चतुर्थ सांगवान परिवार मिलन समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** क्रांतिधरा मेरठ में सांगवान खाप द्वारा बागपत रोड विवेक रिसोर्ट में आयोजित ऐतिहासिक चतुर्थ सांगवान परिवार मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर ऑल इंडिया खाप सचिव नरसिंह ने कहा कि नैतिक, सामाजिक व शैक्षिक जिम्मेदारी निभाकर बने बेहतर नागरिक, यह भी सांगवान खाप की सच्ची सेवा है। वहीं पूर्व एमएलसी चौधरी जगत सिंह सांगवान ने नई पीढ़ी को तीन विशेष जिम्मेदारियां के निर्वहन का मंत्र देते हुए कहा कि ऐसा होने पर हम सब एक सैनिक की भांति राष्ट्र सेवा से अपना विशेष योगदान देंगे। सबसे पहले हमें अपनी संस्कृति की आत्मसात करते हुए सैनिक जिम्मेदारी वाली मोरल वैल्यूज के चरित्र में डालना होगा। यह केवल स्कूल शिक्षा के दौरान नहीं बल्कि पूरे




जीवन में आपके साथ रहेगा। वहीं मंच से सांगवान खाप और कुटुम्ब की सम्मानित सरदारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सांगवान खाप की विशेष प्रतिभाओं का सम्मान कर हौंसला बढ़ाया ताकि वो विशेष प्रतिभाएं अपने चमत्कृत कौशल के प्रकाश से देश और खाप का नाम रोशन कर सके, खाप द्वारा सार्वजनिक रूप से शिक्षा, खेल जैसी संस्थाओं के निर्माण पर बल दिया गया। खाप प्रधान चौधरी बालिस्टर सांगवान एवं समस्त सांग. वान खाप सरदारी के निमंत्रण पर पहुंचे संपूर्ण भारत के राजस्थान मध्य प्रदेश पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभिन्न राज्यों से आए सभी सम्मानित आगंतुकों का आदर सत्कार एवं सम्मान कर हम पूर्ण रूप अभिभूत है और गौरावान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सभी को चतुर्थ सां. गवान परिवार मिलन समारोह के सफल आयोजन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने चतुर्थ सांगवान परिवार मिलन समारोह से सकारात्मक ऊर्जा के साथ नई दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया। बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। चतुर्थ सांगवान सम्मेलन में अंकुर सांगवान ने कलंजरी से दादा सांगू व दादा ढोला की प्रतिमा के लिए जगह देने की घोषणा की। वहीं लोगों ने मूर्ति लगाने के लिए दिल खोल कर दान देने की बात कही।

इस दौरान कन्नी प्रधान सूरजभान सिंह, रविंदर सांगवान, कर्नल अरुन सांगवान, अर्जुन अवार्डी रामकुमार, अजमेर सिंह, मोहन सिंह, विकास सांगवान, प्रदीप सांगवान, दीपक सांगवान, तेजपाल, राहुल सां. गवान, विवेक सांगवान, शक्ति सिंह नंबरदार, दीपक खंजरपुर, ईश्वरपाल, धर्मेंद्र प्रधान अरनावली, सुबोद प्रधान खंजरपुर, दीपक सांगवान, विकास सांगवान, मोहन सिंह सांगवान, अर्जुन, करनाल, अरुण सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की





- जन्माष्टमी पर्व पर मंदिरों में फूलों की सजावट रही आकर्षण का केंद्र
- राधा कृष्ण बने कलाकारों ने सुंदर भजनों पर नृत्य कर मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार को भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों को फूलों एवं जगमग लाइटों के द्वारा सजाया गया। कई मंदिरों में श्री कृष्ण लीला की मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन होते ही मंदिरों में घंटे- घड़ियाल बजाए गए एवं हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठे और सभी व्रतियों ने खुशी-खुशी अपने व्रत को खोला। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मेरठ एवं देहात के सभी मंदिरों में श्री राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। शहर के साथ देहात के मंदिरों को भी फूलों से सजाया गया और राधा कृष्ण की सुंदर झांकियों के साथ राधा कृष्ण के मधूर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय में बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे दिन व्रत रखा और जैसे ही देर रात को चंद्रमा के दर्शन हुए श्रद्धालुओं ने कान्हा को भोग लगाकर व्रत खोला। जन्माष्टमी के पर्व पर कई घरों में लड्डू गोपाल की भी स्थापना करी गई। गंगानगर स्थित शिव मंदिर में इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालु ने मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का धर्म लाभ उठाया, वहीं परिवारों को बच्चों के साथ मेले का भी आनंद लेते हुए देखा गया। मंदिर में इस वर्ष भी सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई गयी और राधा कृष्ण बने कलाकारों ने मेरो छोटो सा लड्डू



गोपाल सखी री बड़ा प्यारो लगे आदि सुंदर सुंदर भजनों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका मन मोहा, देर रात तक मंदिर प्रांगणों में भजन कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा और रात्रि में चंद्रमा निकलने के पश्चात आरती कर कृष्ण कन्हैया को भोग लगाया गया व प्रसाद वितरण किया गया।

जन्माष्टमी के पर्व पर कसेरू खेड़ा स्थित श्री रामेश्व. रम राधा कृष्ण मंदिर को रंगीन लाईटों एवं रंग बिरंगी कपड़ों से सजाया गया। इस अवसर पर मनमोहक झांकी लगाई गई जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा पहन धार्मिक भजनों पर नृत्य भी किया। श्रद्धालुओं को माखन मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया इस अवसर पर बाल कान्हा बने अथर्व, मनस्वी, प्रणव, मानवी, ऐंजल आदि आकर्षण का केंद्र रहे।

## भाकियू अराजनैतिक ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील में दिया धरना

**सरधना।** सोमवार को भाकियू अराजनैतिक ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील में धरना प्रदर्शन किया। देर शाम था धरना जारी थी। बिजली की समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम धरना स्थल पर वार्ता के लिए पहुंचे। बाकी अधिकारियों ने वार्ता नहीं की। जिसके चलते तो धरना जारी था। जिलाध्यक्ष कालू प्रधान के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महादेव बिजलीघर पर तैनात जेई को हटवाने, ग्राम छबड़िया की पुलिस चौकी को अशोक की लाट पर स्थानांतरित किया कराने, महादेव भामौरी मोड़ पर गति रोचक बनवाने, क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाने, झिटकरी गांव में गंदगी से अटे पड़े तालाब की शीघ्र सफाई कराने की मांग की।

# गोदाम में लगी आग से लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के ग्राम जलाल. पुर में शनिवार की देर शाम शॉर्ट शर्किट होने के कारण जूते चप्पल के गोदाम में आग लग गई। पीड़ित ने आस पड़ोस के लोगों की सहायता से आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत की लेकिन सफलता नहीं मिली और गोदाम में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार जलालपुर गांव निवासी आस मोहम्मद ने लावड़ चौकी के तहरीर देते हुए बताया कि गांव में ही उसके पिता ने यामीन सेलक्ट स्टोर नाम से जूते चप्पलों का गोदाम बनाया हुआ है जहां से वो हॉल सेल का काम करते हैं बीती शनिवार की देर रात लगभग दो बजे शॉर्ट शर्किट

- शनिवार देर रात जूते चप्पल के गोदाम में लगी आग
- आग लगने से लगभग 16 लाख रुपये का हुआ नुकसान

से आग लग गई। आग की लपटे देख वो घबरा गया शोर सुनकर आस पड़ोस के काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और सबमर्सिबल से आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन तब तक जूतों चप्पलों के लगभग 2 सौ कार्टून के अलावा चारपाई, कूलर पंखे, इनवर्टर सहित सभी सामान जलकर राख हो गया जिसकी कीमत लगभग 16 लाख रुपए है। आस मोहम्मद ने बताया कि उसके पिता यामीन हज करने के लिए सऊदी अरब गए हुए हैं।



# सीडीओ की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में तहसील टाण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 24 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 शिकायतों/समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया।जबकि शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को रेफर कर दिया गया।
सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत, पेंशन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।ग्राम महमूदपुर मंझरा पीपली नायक निवासी गायत्री देवी ने खर्च से अधिक विद्युत बिल आने की शिकायत की,इसके उन्होंने सीडीओ को बताया कि वह और उसके पति दोनों दिव्यांग हैं।हमें बैटरी द्वारा चलित ट्राईसाइकिल दिलाई जाए। ग्राम सेंटाखेड़ा के लोगों ने टाण्डा-लालपुर मुख्य मार्ग से ग्राम के खस्ताहाल संपर्क मार्ग की मरम्मत एवं गांव का भू-नक्शा सम्बंधित साईट पर उपलब्ध कराए जाने की मांग की।इस अवसर पर इरशाद हुसैन, मोहम्मद आरिफ,अनुज कुमार, छत्रपाल सिंह, राहुल, मोहम्मद अय्यूब,अजय और राहत जान आदि मौजूद रहे।
इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी जनपद स्तरीय एवं






खण्ड विकास अधिकारी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लें। यदि कोई अधिकारी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से परेशान करता है अथवा कार्य में लापरवाही करता हुआ पाया गया, तो उसके विरुद्ध जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि अधिकारी जब भी गांवों का भ्रमण करें, तो अपने विभाग से संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन करें और लाभार्थियों से प्रत्यक्ष फीडबैक भी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह प्रयास है कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।
इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राज. कुमार भास्कर, सीओ कीर्ति निधि आनंद, सीएमओ सत्यप्रकाश,ग्राम विकास परियोजना निदेशक हरिश्चंद्र प्रजापति, तहसीलदार, नायब तहस. ीलदार अमित कुमार विश्वास दिषित, कल्पना देवी आदि विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली कटौती को लेकर सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू अपने समर्थकों के साथ नवाब गेट स्थित अधिशासी अभियंता बिजली निगम के यहां पहुंचे जहां पर पत्र देकर भीषण गर्मी में बिजली कटौती को लेकर अधिशासी अभियंता विनोद कुमार शर्मा से वार्तालाप की। प्रदेश महासचिव ने कहा कि शहर के अधिकतर बिजली घर बिजली कटौती कर रहे हैं जो सरासर गलत है बोलते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी बराबर बिजली निगम के अधिकारियों से निर्देश दे रहे हैं कि जनता को 24 घंटे बिजली दी जाए। लेकिन बिजली घर बराबर बिजली कटौती कर रहे हैं जिसे राष्ट्रीय लोकदल एनडीए



गठबंधन बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी ने साफ निर्देश दिया जनपद रामपुर सहित शहर के सभी बिजली घरों को आदे. शित किया जाए।

जनता को 24 घंटा बिजली उपलब्ध कराई जाए अगर ऐसा नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। पत्र देने वालों में क्षेत्रीय महासचिव महफूज खान, प्रदेश महासचिव फिरोज आलम खान, मुनाजिर हुसैन, मंजू खान, मोहसिन खान, भूरा, हरनाम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## सैफनी नगर में धूमधाम से निकाली फूलडोल की झाकियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में धूमधाम के साथ श्री कृष्ण जी की फूलडोल शोभायात्रा निकाली गई। डीजे और बैंड बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की गई।गत वर्षों की भांति शोभायात्रा नगर के शिवालय मंदिर से शुरू हुई जो विभिन्न परम्परागत रास्तों से होती हुई नगर में ही श्री सर्वमंगला मां बेला भवानी सिद्ध शक्तिपीठ धाम पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में श्री कृष्ण जी, राधा-कृष्ण, काली का अखाड़ा, शिव-पार्वती, हनुमान जी, कंस आदि सहित कई आकर्षक झांकियां भी शामिल रहीं। जगह-जगह शोभायात्रा पर फूल बरसा कर लोगों ने स्वागत किया। शाम के समय शोभायात्रा श्री सर्वमंगला मां बेला भवानी सिद्ध शक्तिपीठ धाम गया। सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल शोभायात्रा के साथ रहा।

# सरकारी तालाब की भूमि पर कूड़ा फेंकने से बढ़ा जनस्वास्थ्य संकट

- मोहल्लेवासियों ने अधिकारियों से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** नगर के मोहल्ला नसीराबाद, वार्ड संख्या 11 के निवा. सियों ने सरकारी तालाब की जमीन पर कूड़ा-कचरा फेंके जाने और स्वास्थ्य संकट को लेकर संबंधित अधिकारियों से साफ सफाई कराई जाने की गुहार लगाई जिम्मेदार अधिकारी सुनने को नहीं हो रहे हैं बिल्कुल भी तैयार।
नगर के मोहल्ला नसीराबाद वार्ड



संख्या 11 के स्थानीय लोगों का कहना है कि स्व. डॉ. नरेश यादव के भवन के समीप स्थित उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। जिसके बावजूद वहां लगातार कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है जिससे पूरे इलाके में गंदगी और बदबू फैल रही है, और मलेरिया, डेंगू, टायफाइड, टीबी जैसी बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। निवा. सियों ने बताया कि वर्ष 2020 से अब तक इस मामले में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायतें की गईं, लेकिन कोई भी अधिकारी सुनने के लिए तैयार नहीं है।

नगर पालिका से भी स्थानीय लोगों ने साफ सफाई कराए जाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों ने अधिकारियों से विशेष सफाई अभियान चलाने की भी अपील की ताकि क्षेत्र को संक्रामक बीमारियों से बचाया जा सके।
स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मामला केवल कूड़ा करकट की सफाई तक सीमित नहीं रहा। बल्कि अब यह जनस्वास्थ्य और प्रशासनिक जवाबदेही का एक गंभीर विषय बन चुका है।

## आज से शुरू होगा श्री कृष्ण छठी महोत्सव का आगाज, फन का जलवा बिखेरेंगे टीवी आर्टिस्ट

### भव्य पालकी यात्रा के साथ आरंभ होगा छठी महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बाकर स्कूल मैदान पर श्री कृष्णा छठी महोत्सव में टीवी कलाकार अपने फन का जलवा बिखरेंगे। 19 अगस्त से शुरू होने वाले महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। महोत्सव 25 अगस्त तक चलेगा।
शिव महादेव मंदिर जिनोद्वार समिति की ओर से होने वाले छठी महोत्सव में दिल्ली के वैष्णवी कला मंच के कलाकार भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन करेंगे। कला मंच के डायरेक्टर राहुल समेत कई टीवी कलाकार अपने हुनर का जादू बिखेरेंगे। रोजाना रात करीब 7:00 से मंचन शुरू होगा । छठी महोत्सव को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं और पद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप गई है। मंच व पंडाल बनाने के काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति व महोत्सव के अध्यक्ष रवि किशन सक्सेना ने बताया कि छठी महोत्सव में कई साधु संत भी आएंगे। श्री कृष्ण जन्म से महारास तक की लीला का मंचन किया जाएगा।
इस बार मंचन को और भव्य बनाने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है और साथी 19 अगस्त को सुबह 10:00 बजे से कृष्ण मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा आरंभ होगी जिसका समापन 19 अगस्त को ही महोत्सव स्थल बाकर स्कूल मैदान पर किया जाएगा उसके उपरांत इसी दिन से छठी महोत्सव आरंभ होकर 25 अगस्त तक चलेगा उन्होंने बताया कि छठी महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपी से पुलिस बल उपलब्ध कराने और नगर पालिका परिषद से जल, प्रकाश, शौचालय व सफाई व्यवस्था की मांग की गई है।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर 79वीं भव्य रथयात्रा का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रामपुर में इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 79 वीं भव्य रथयात्रा का आयोजन सोमवार 18 अगस्त 2025 को किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि रथयात्रा का शुभारंभ सायं 3:30 बजे ऐतिहासिक श्री हरिहर मंदिर, पुराना गंज से किया गया।
इस भव्य रथयात्रा में आकर्षक झांकियां सजाई गई, जिनमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया।



रथयात्रा श्री हरिहर मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना गंज, छीपियान, बांस मंडी, सर्तई का कुआं, सिटी पोस्ट ऑफिस, बाजार सर्राफा, मिस्तन गंज, राजद्वारा, गांधी समाधि से होते हुए पुनः राजद्वारा, मिस्टन गंज, चंपा मार्केट, जामा मस्जिद, बर्तन-बाजार, सर्तई का कुआं और पुराना गंज होते हुए रात लगभग 11 बजे श्री हरिहर मंदिर पर संपन्न हुई। आयोजकों ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रथयात्रा को भव्य बनाएं और समाज में एकता का संदेश प्रस्तुत करें। इस रथयात्रा का आयोजन श्री हरिहर मंदिर ट्रस्ट (रजि.), पुराना गंज, रामपुर के तत्वावधान में किया गया।
आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय शर्मा एवं महामंत्री सुनील कुमार अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** श्री सनातन धर्म सभा विश्वनाथ मढ़ी मंदिर में चल रही रासलीला के पांचवें दिन गोकुल में श्री कृष्ण का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया तथा कंस द्वारा पूतना नामक राक्षसी को विष भरा दूध पिलाकर बालक श्री कृष्ण को मारने के लिए भेजा गया। जिस पर भगवान श्री कृष्ण ने अपनी माया से उसका स्तनपान करने के साथ-साथ उसके प्राण भी हर लिए और राक्षसी पूतना का अंत हो गया।
सभी भक्त जनों ने रासलीला का आनंद लिया। इस अवसर श्री सनातन धर्म सभा के सभापति रामस्वरूप सैनी, दयाराम सैनी, रामचरण, प्रेम सिंह, आचार्य दौलत राम सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

- आठ शिकायतों में दो का निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शाहबाद में तहसील दिवस का आयोजन शनिवार को अवकाश के कारण नहीं हुआ वही सोमवार को तहसील परिसर स्तिथ सभागार में उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए फरियादियों ने अपनी शिकायत अधिकारियों से की थाना समाधान दिवस मे कुल आठ शिकायती पत्र आए जिसमें किसी भी दो का निस्तारण हो सका।
वहीं अधिकारियों और कर्मचारियों संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा



कि सभी अधिकारी कर्मचारी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक लें और उनका निस्तारण करें।
लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी बक्से नहीं जाएंगेध् इस मौके पर तहसीलदार अमित कुमार सिंह,नायब तहसीलदार हरीश चन्द्र जोशी,नायब तहसीलदार राजेश यादव, सहित क्षेत्रीय लेखपाल और अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# ईपीए पर केंटर पलटने से परिचालक की मौत, चालक घायल

## सिगोली तगा गांव के समीप हुआ हादसा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**टटीरी।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सिंगोली तगा गांव के समीप केंटर पलटने से परिच. लक की मौत हो गयी जबकि चालक घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही परिजनों को सूचना दे दी गयी है। रामपुरा दरभंगा बिहार निवासी सतबीर पुत्र राजन केंटर चालक है। वह बासलगढ हरियाणा से प्लास्टिक का सामान लेकर नोएडा फैक्ट्री में जा रहा था। उसके साथ उसी के गाव का परिच. लक 40 वर्षीय कनैया मंडल पुत्र राधे मंडल भी साथ था जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर पहुंचा तो सिंगोली तगा गांव के समीप पहुंचा तो केंटर अनियंत्रित होकर पलट गया। राहगीरों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। गम्भीर अवस्था में चालक को बाहर निकाल जिला अस्पताल भेजा गया जबकि परिचालक की मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों को सूचना दे दे गयी है।

## बाईक और कार की भिड़ंत में बाइक सवार दो लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के रिवर पार्क के सामने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक दुर्घटना हुई। रॉन्ग साइड से आ रही बाइक कार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए।

घायल युवकों की पहचान पाली निवासी हारून और गुलजार के रूप में हुई। दोनों अपने रिश्तेदार के घर से सामान लेकर लौट रहे थे। स्थानीय निवासी गौरव के अनुसार, दोनों युवक बागपत से खेकड़ा की तरफ जा रहे थे। उनके हाथ में सामान था और वे बाइक रॉन्ग साइड पर चला रहे थे। इसी दौरान दिल्ली से बागपत की तरफ आ रही कार से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उनकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## 11 माह के मासूम की हत्या के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** थाना क्षेत्र के टांडा गांव स्थित दारुल उलूम मुजाफरिया लिल बनात मदरसे में 11 माह के मासूम की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस घटना से गांव और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

मदरसे के संचालक मुफ्ती शहजाद ने बताया कि वे पिछले 13 वर्षों से मदरसा चला रहे हैं। उनके बेटे न होने के कारण उन्होंने करीब 9 महीने पहले अपने साले सुलेमान निवासी कुटेरसा, जनपद मुजफ्फरनगर के बेटे तलहा उर्फ अबुतला 11माह को अपने पास रखकर पालन-पोषण करना शुरू किया था। शनिवार की रात्री करीब 12 बजे शहजाद और उनकी पत्नी रुबीना ने बच्चे को दूध पिलाकर बेड पर सुला दिया। रविवार सुबह नींद से उठने पर जब उन्होंने देखा तो बच्चा गायब था। तलाश करने पर वह बेड के अंदर कपड़े में लिपटा मिला। आनन-फानन में उसे सीएचसी छपरौली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर मदरसे की ही एक किशोरी रात में संदिग्ध रूप से कमरे और परिसर में घूमती हुई दिखाई दी। संदेह गहराने पर पुलिस ने किशोरी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने मासूम की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसको जेल भेज दिया गया है।

## तेज बारिश के कारण चारों तरफ हुआ जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** नगर की गलियों सड़कों पर भारी बारिश ने मचाई आफत सड़क नाले हुए ओवरलोड चारों तरफ पानी ही पानी तरण ताल बन गई। नगर की सड़के रेलवे अंडरपास पर भी भरपूर हुआ पानी आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क पर चलने वाले लोगों को भी छोटे वाहन चलाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा पैदल चलने वाले लोगों को रक्षा में बैठकर 1 किलोमीटर जाने तक के लिए 20 तक का चार्ज देना पड़ा। नगर की गलियों में पानी ही पानी भर जाने से मोहल्ले के लोगों के मकान में भी पानी घुस गया। सभी नाल ओवरलोड हो गए नालों का पानी सड़कों पर आ गया जिसमें सड़क पर गंदगी के ढेर लग गए। सोमवार को सुबह से ही भारी बारिश होती रही भारी बारिश के चलते किसानों के खेतों में भी पानी भर गया। बारिश का असर गन्ने की फसल पर हुआ है। लोगों का कहना है कि नालों की सफाई नहीं होने के कारण बरसात का पानी कीचड़ से भरकर सड़कों पर आ जाता है। इससे नगर पालिका परिषद की लापरवाही उजागर होती है। समय पर नालों की सफाई न होना भी विकट समस्या बनती जा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि शहर के दुकानदार कूड़ा कचरा भी नालों में डाल देते हैं जिसकी वजह से बरसात के पानी के साथ नालों का कीचड़ सड़क पर फैल जाता है। इससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने स्वयं बागपत तहसील में पहुँचकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस केवल सुनवाई का मंच नहीं, बल्कि जनता को त्वरित और संतोषजनक समाधान दिलाने का प्रयास है।

तीनो तहसीलो में कुल 42 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 13 का मौके पर ही निस्तारण हुआ। शिकायतों में सबसे अधिक मामले राजस्व, बिजली, नगर विकास, पेंशन और पुलिस प्रशासन से जुड़े रहे। ग्रामीणों ने अवैध कब्जों, भूमि विवादों, साफ-सफाई और पेयजल की समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित प्रकरणों पर निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित हो तथा प्रगति रिपोर्ट भी नियमित प्रस्तुत की जाए। डीएम ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि विभागीय समन्वय में सुधार लाए और सुनिश्चित करें कि जनता को बार-बार एक ही समस्या लेकर न आना पड़े। यदि किसी प्रकरण पर लापरवाही हुई तो संबंधित अधिक. री और कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाधान दिवस तभी सार्थक होगा जब जनता को वास्तविक राहत मिले। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने फरियादियों को भी आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याएँ तथ्यों और साक्ष्यों सहित रखें, जिससे उनका समाधान और भी आसान हो सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिक. री डॉ.तीरथ लाल, एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा, तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह आदि अधिक. री उपस्थित रहे।



## एक नजर

### पुलिस ने 6 पीड़ितों के 51.15 लाख रुपये कराए वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए लोगों को राहत दी है। पुलिस ने मात्र 15 दिन के अंदर 6 पीड़ितों के 51.15 लाख रुपए वापस कराए हैं। इन सभी मामलों में पीड़ितों ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की रकम वापस कराने में सफलता हासिल की। पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई के लिए एसपी सूरज कुमार राय ने साइबर क्राइम टीम को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पीड़ितों ने रकम वापस मिलने पर पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे साइबर ठगी से सावधान रहें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। एसपी सूरज कुमार राय ने कहा कि साइबर क्राइम पुलिस ऐसे मामलों को गंभीरता से लेती है और पीड़ितों की मदद के लिए तत्पर रहती है।

### बढते यमुना के जलस्तर को देखते हुए यमुना के आसपास प्राइवेट गोताखोर किए गए तैनात



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी खतरे के निशान के करीब बह रही है। पहाड़ों में हो रही बरसात और हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति विकट हो गई है। प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाढ़ चौकियों को अलर्ट पर रखा गया है। यमुना के आसपास प्राइवेट गोताखोर तैनात किए गए हैं। स्थानीय लोगों से नदी के पास न जाने की अपील की जा रही है। सोमवार को हथिनीकुंड बैराज से 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह पानी मंगलवार दोपहर तक बागपत पहुंचने की संभावना है। इससे जलस्तर में और वृद्धि की आशंका है। जागोस, कोताना, खेड़ी प्रधान, नेथला और सुभानपुर शहीद सहित दर्जनों गांव जलस्तर बढ़ने से प्रभावित हुए हैं। स्थानीय किसान विरेंद्र, पप्पू, सुभाष, राहुल और रवि ने बताया कि हजारों बीघा फसल जलमग्न हो चुकी है। ज्वार, धान और गन्ने की फसलें पानी भरने से प्रभावित हुई हैं। जनपद के अधिकारी लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं। प्रशासन ने सभी से सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है।

## किसानों की हजारों बीघा खडी गन्ने की फसल यमुना नदी में समाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के यमुना खादर में हथिनीकुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे यमुना नदी में पानी से किसानों की जमीन पर खड़ी गन्ने की फसल बर्बादी के कगार पर आ गई है। किसानों को भी चिंता सताने लगी है। यमुना नदी पर बसे जागौश शबगा के किसानों की खड़ी गन्ने की फसल लगातार यमुना नदी में समाई जा रही है। यमुना नदी के तट पर बसे जागौश गांव के किसान अमित त्यागी निटु शर्मा मांगेराम शर्मा नरेश कुमार सुरेश कुमार शर्मा लव कुश शर्मा आदि किसानों ने बताया कि यमुना नदी में अधिक पानी आने से किसान परेशान होते नजर आ रहे हैं। किसानों की हजारों बीघा जमीन पर खड़ी गन्ने की फसल यमुना नदी में समा गई है। किसानों के सामने रोजी-रोटी तक का संकट पैदा होने लगा है। इस वक्त भारी नुकसान किसानों का यमुना नदी पर हो रहा है। शबगा गांव के जनक पवार रमेश कश्यप विनोद कश्यप सतवीर देवेंद्र सिंह आदी किसान अपने खेतों में जाकर ज्वार गन्ने की खड़ी फसल को लगातार काट रहे हैं। किसानों ने कहा कि जितना नुकसान इस बार हो रहा है। इतना नुकसान पिछले वर्ष भी नहीं हुआ था। अगर ऐसा ही होता रहा तो किसान बर्बाद हो जाएगा। गांव के किसानों ने जिला. धिकारी से भी इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। भारी तादाद में किसानो की गन्ने की खड़ी फसल का नुकसान लगातार हो रहा है। विभाग इस संबंध में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रजनीश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यमुना नदी की स्थिति अभी खतरे से बाहर है और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दौरा किया जा रहा है। प्रत्येक गांव पर नजर रखी जा रही है। कुछ गांव में किसानों की फसलों का नुकसान भी हो रहा है। उनकी सूची भी बनाई जा रही है। लगातार हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में पानी छोड़ा जा रहा है जो किसानों के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। यमुना नदी में अधिक पानी आने के कारण जो पशु यमुना नदी के किनारे खेतों में चारा खा रहे है। उनकी यमुना नदी में गिरकर मौत हो रही है जो पानी के साथ तैर रहे हैं। मृतक पशु भी लगातार पानी में बहते हुए आ रहे हैं यमुना नदी के किनारे घूमने वाले पशुओं की लगातार मौत हो रही है। अधिकतर यमुना नदी में मृतक गायें व सांडो की मौत हो रही है।

## बेजुबान जानवरों को घातक बीमारी से है बचाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, भारत में रेबीज के 99प्रतिशत से अधिक मामले कुत्तों के काटने से होते हैं। इस अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन का लक्ष्य न केवल मानव स्वास्थ्य की रक्षा करना है, बल्कि बेजुबान जानवरों को भी इस घातक बीमारी से बचाना है। जानवरों में इसके लक्षणों में अचानक व्यवहार में बदलाव, अत्यधिक आक्रामकता या असामान्य शांति, भूख न लगना, पानी पीने में डर (हाइड्रोफोबिया), अत्यधिक लार टपकना, चलने में कठिनाई, दौरे पड़ना और लकवा शामिल हैं। लक्षण प्रकट होने के बाद अधिकांश जानवर 7 से 10 दिनों के भीतर मर जाते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि लक्षण आने के बाद इस बीमारी का कोई स्थायी इलाज संभव नहीं है, इसलिए समय पर रोकथाम ही एकमात्र प्रभावी उपाय है। इसलिए जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी एवं अपने पालतू जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एंटी रेबीज टीकाकरण अवश्य कराए। यह अभियान रोग-निवारण के साथ साथ मानवीय संवेदना और सामा. जिक उत्तरदायित्व का संदेश भी देता है। संविधान हमें यह स्मरण कराता है कि जीव-जंतु हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा में योगदान देना हमारा नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक कर्तव्य है। जब हम अपने पालतू जानवरों को टीका लगवाते हैं, तो हम न केवल उन्हें एक घातक बीमारी से बचाते हैं, बल्कि मानव समाज को भी संभावित संक्रमण से सुरक्षित करते हैं।

## प्रत्येक नागरिक स्वच्छता का ले संकल्प:जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** पाली गांव में शुक्रवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांव की गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान किया गया। जगह-जगह जमा कूड़े-कचरे को हटाया गया और लोगों को स्वच्छता अपनाएँ, बीमारी मिटाएँ का संदेश दिया गया।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल स्वयं मौके पर पहुँचीं और अभियान की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति देखकर संबंधित अधिका. रियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छता का संकल्प तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक इसे अपनी आदत बना ले। यदि हर परिवार अपने घर और आसपास की सफाई पर ध्यान दे तो पूरा जनपद एक नए स्वरूप में नज़र आएगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्वयं गलियों में घूमकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और मौके पर मौजूद कर्मचारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि गाँवों में प्रतिदिन सफाई कार्य सुनिश्चित कराया जाए और विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे गंदगी न फैले इस पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य की गारंटी है। यह न केवल बीमारियों से बचाती है बल्कि गांव और समाज को एक सकारात्मक पहचान भी देती है। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी अरुण अत्री , सफाई कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण भी सक्रिय रूप से अभियान में शामिल रहे।

## डीएम ने किया रेबीज रोधी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** रेबीज-मुक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार से रेबीज रोधी टीकाकरण अभियान शुरू हो गया। इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ स्वयं जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने राजकीय पशु चिकित्सालय, सदर बागपत में किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान सिर्फ बेजुबान जानवरों की सुरक्षा का ही नहीं बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा का प्रयास है। जब हम अपने पालतू जानवरों को समय पर टीकाकरण कराते हैं, तो हम अपने परिवार, बच्चों और समुदाय को भी रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित करते हैं। मेरा सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे जिम्मेदारी निभाते हुए अपने पालतू जानवरों का एंटी-रेबीज टीकाकरण अवश्य कराएँ। इस पहल के तहत जिले के सभी 33 पशु चिकित्सालयों पर पालतू जानवरों के लिए विशेष एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर लगाए जा रहे हैं। यह अभियान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होगा। साथ ही नगर पालिका बागपत की ओर से पशु चिकित्सालयों पर जानवरों हेतु जलपात्र उपलब्ध कराए गए हैं। रेबीज एक जानलेवा वायरल बीमारी है जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती है। एक बार लक्षण दिखाई देने पर यह लगभग 100प्रतिशत घातक साबित होती है, और इसका कोई इलाज नहीं है। इसीलिए समय पर और नियमित टीकाकरण ही इस बीमारी का एकमात्र प्रभावी बचाव है। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सोलह कारण भावनाओं में नवमी भावना वैया वृत्यकरण है:महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में कौशल भवन के बाजार में आयोजित धर्म सभा में वात्सल्य दिवाकर गुरु तीर्थ निर्मलायतन प्रणेता जागृति करी संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज ने प्रवचन करते हुए कहा सोलह कारण भावनाओं में नवमी भावना वैया वृत्यकरण है। इसका अर्थ है व्रती त्यागी साधु साध्वी उपाध्याय और आचार्य की सेवा करना यह भावना जैन धर्म में बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है क्योंकि यह माना जाता है कि साधु आचार्यों की सेवा करना व्यक्तियों को पुण्य प्राप्त होता है और तीर्थंकर प्रकृति के बंध में सहायता मिलती है। वैया वृत्यकरण भावना को प्रकट करने के लिए साधु साध्वी उपाध्याय आचार्य अन्य धार्मिक व्यक्तियों की शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं का ध्यान रखना चाहिए और उन्हें आहार आश्रय और औषधी जैसी सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए यदि वे किसी उपसर्ग या कठिनाई में है। उनकी सहायता करना उनकी रक्षा करना उनकी मानसिक शांति और स्थिरता के लिए प्रयास करना ही वैयावृत्य करना है। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज कुमार जैन दिनेश जैन आनंद जैन राकेश जैन अमित जैन मनोज जैन संभव पवन जैन शरद जैन राकेश जैन मटिया परिवार पुनीत जैन सतीश जैन आदि ने भाग लिया।

## पीड़ितों ने की एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में हल्की धारा में मुकदमा दर्ज करने का आरोप। डौला के पीड़ित ने एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के डौला गांव निवासी प्रमोद के मुताबिक वह गत 12 अगस्त की रात करीब दस बजे अपने घर के साथ बैठकर खाना खा रहा था। उसी दौरान एक परिवार के सात युवकों ने घर में घुसकर गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं जान से मारने की नीयत से उसके व उसकी बेटी पर लोहे की राड से हमला किया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने थाना सिंघावली अहीर पर तहरीर दी थी। आरोप है कि थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने हल्की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया। उन्होंने एसपी से शिकायत कर आरोपितों के विरुद्ध के उचित धाराओं में मुक. दमा पंजीकृत कराने की मांग की है।

## चौ.हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमवार को ट्रस्ट कार्यालय पर चौधरी हरलाल मेमो. रियल ट्रस्ट द्वारा प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी मनोज शर्मा ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.गजराज सिंह व संच. लन सत्तार मास्टर बसौद ने किया। कार्यक्रम में खुशी डाहिमा को मेडिकल नाइयर में ऑल इंडिया रैंकिंग में 807वीं रैंक प्राप्त करने के लिए, महिमा राजपूत को पेंटिंग के लिए और सीबीएसई 10जी क्लास में साक्षी 91प्रतिशत, नैंसी 90प्रतिशत, माही 88प्रतिशत और यशिका 80प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभाशाली बालिकाओं को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र, फूल माला, पटका और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज शर्मा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है तो उनको पहचान कर निखारने की और माता पिता के सहयोग की। हमारी बेटियों ने माता पिता गुरुजनों के साथ साथ गांव और क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। विशिष्ट अतिथि अजयवीर सिंह प्रधान ने बालिकाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटी आज किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है आज लड़कियां आगे बढ़कर सभी क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही है। मास्टर सत्तार अहमद बसौद ने सभी बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप भविष्य में आगे बढ़कर गांव समाज का नाम रोशन करो। कार्यक्रम संयोजक टीना चौधरी ने भी बालिकाओं को बधाई व शुभकामनाएं दी और सभी बालि. काओं और महिलाओं को अनुशासन में रहकर आगे भी इसी तरह मेहनत करने की हिदायत दी और सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सुबोध बंसल, राकेश जैन, सचिन अहलावत, चेतन चौधरी, शेर सिंह, मनोज, रवि चौधरी, टीना चौधरी, तरुणा, खुशी, कशिश, तनु, जायदा, काजल, अन्नु, सानिया, मेहसर, सोनिया, समरीन, शिवानी, प्रियंका यादव, रेणु यादव, विनीता, रेणु शर्मा, माही, सुंदर, इति चौधरी और रीना आदि उपस्थित रहें।

## स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार समुदाय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने पालतू जानवरों का टीकाकरण करवाकर इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। कुत्तों एवं श्वान के टीकाकरण से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए वैक्सीनेशन नोडल अधिकारी डा.राज. कुमार रावत से 9458240723 पर संपर्क किया जा सकता है। यह अभियान बागपत को एक स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार समुदाय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**सूचना**
मेरे पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री प्रीति से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।
सत्यपाल पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम अहमद शाहपुर पडडा थाना व जनपद बागपत।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, एक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस की देर रात चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है जबकि बदमाश का एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पिलखुवा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के संतोगढ़ी तिराहे पर चेकिंग की जा रही थी। तभी एक स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया, तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर



दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान दीपक के रूप में हुई है, जो हापुड़ नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी, लूट और ठगी जैसे अपराधों के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

उन्होंने बताया कि घायल बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा, कुछ जिंदा और खाली कारतूस, और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। वहीं हिस्ट्रीशीटर बदमाश दीपक का एक साथी मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। इसके अलावा पुलिस हिस्ट्रीशीटर बदमाश दीपक के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जिलों और थानों से भी जानकारी जुटा रही है।

# पैकिंग मैटेरियल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ-हापुड़ सीमा पर स्थित धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रविवार देर रात एक पैकिंग मैटेरियल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस आग में लाखों का नुकसान होने का अनुमान है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 10 बजे, पिलखुवा निवासी अंकित तायल की पैकिंग मैटेरियल फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। चूंकि फैक्ट्री में प्लास्टिक का सामान था, इसलिए आग तेजी से फैल गई और उसने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि फैक्ट्री के मजबूत टीन शेड भी पिघल गए। आग की सूचना मिलते ही हापुड़ और मेरठ के दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फैक्ट्री का टीन शेड पिघलने और दीवारों के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कत हुई। आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को जेसीबी



की मदद से दीवारें और टीन शेड तोड़ने पड़े, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, सोमवार तड़के करीब 2:30 बजे आग पूरी तरह से बुझाई जा सकी। इस हादसे में फैक्ट्री में रखा कच्चा माल, तैयार माल और मशीनें पूरी तरह से जलकर राख हो गईं। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा के अनुसार आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि आग के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच अभी जारी है।

# हापुड़ में खूंखार हुए कुत्ते, मां-बेटी पर किया कुत्ते ने हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के नेशनल हाईवे- 9 पर सड़क किनारे नौ माह की बच्चीं को लेकर बैठी महिला पर अचानक एक कुत्तें ने हमला कर मां के पैर में बुरी तरह से काट खाया और गोद से सड़क पर गिरी बच्चीं की गर्दन पर हमला कर उसका कान खा गया। गुस्सायें लोगों व परिजनों ने कुत्ते को डंडे से पीट पीटकर कुत्ते के चुंगल से मुक्त करवाया,बाद में कुत्ते की मौत का दावा किया। बच्चीं को दिल्ली रैफर कर दिया।



जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद की उदासीनता के चलते हापुड़ में रोजाना कुत्तों का आंतक बढ़ता ही जा रहा है। हर गली ,मौहल्लें, कालोनी में कुत्ते आती जाती महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को अपना निशाना बना रहे हैं। रोजाना 200 से 250 लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं। हांलांकि नगर पालिका के ईओ ने जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की बात कही। हापुड़ के नेशनल हाईवे-9 पर कविनगर के बाहर देवनंदनी फ्लाईओवर के नीचे बंजर समुदाय के लोग रहते हैं। शुक्रवार को देर शाम आकाश की पत्नी सपना अपनी नौ माह की इनाया को लेकर बैठी थी, तभी एक कुत्ता उनके पास आकर बैठ गया। परिजनों के अनुसार कुत्ते ने सपना का पैर पकड़ लिया और की जगह काट लिया। हड़बड़ी में खड़े होते समय गोद में लेटी इनाया हाथ से छूटकर सड़क पर जा गिरी, कुत्ते ने सपना का पैर छोड़ बच्ची की गर्दन दबो. चने का प्रयास किया, परन्तु शोर सुनकर बच्चीं का कान खा गया। घटना पर मौजूद परिजनों व लोगों ने बच्ची को छुड़ाने के लिए कुत्ते को लाठी डंडे से पीट पीट कर अधमरा कर दिया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चीं की रक्षा के लिए पीटे गए कुत्ते ने बाद में अपने प्राण त्याग दिए, परन्तु परिजनों ने कुत्ते की मौत से इंकार किया है। उनका कहना था कि बच्चीं को बचाने के लिए लोगों ने उसे डंडे से मारकर भगा दिया था। घायल मान बेटी को अस्पताल ले जाकर रैबीज का इंजेक्शन लगवाया गया और बच्ची को दिल्ली रैफर कर दिया गया। हापुड़ नगर पालिका के ईओ संजय मिश्रा ने बताया कि हापुड़ में अभी तक आवारा कुत्तों के लिए कोई भी शेल्टर होम नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की जानकारी मिली है। जैसे ही शासनादेश आता है, तुरंत ही आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने की प्रक्रिया को शुरू कराया जाएगा।

# शहीदाने कर्बला की याद में निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** 22 सफर चेहल्लुम दिन रविवार 1447 हिजरी को इमाम बारगाह सैय्यद मोहसीन अली रिज़्वी में एक मजालिस का इंतेखाब किया गया। जिसमें मौलाना हसन अब्बास साहब ने खिताब फरमाते हुए कहा कि इमाम हुसैन अ.स. ने किसी एक मजहब के लिए कुर्बानी नहीं दी बल्कि आलमें इन्सानियत को बाकी रखने के लिए कुर्बानी दी थी।

मजलिस के बाद शबीहे जुल. जनाह व अलम बरामद किए गए जो अपने कदीमी रास्तों से किला को. हना, गढ़ गेट चौकी, कोटला सादात से वापिस गढ़ गेट चौकी, नवी करीम, मेरठ गेट चौकी, सर्राफा बाज़ार, असकरी मिर्ज़ा के इमाम बारगाह से होता हुआ खिड़की



बाज़ार, पुराना बाजार, इमाम बारगाह वक सैय्यद जमाल हुसैन शाह, सिकन्दर गेट, भंडा पट्टी, काजीवाड़ा, धुनों के चौक से होता हुआ वापिस इमाम बारगाह सैय्यद मोहसिन अली किला कोहना पर समाप्त हुआ। जुलूस में अथर अब्बास, मोहम्मद अली, ज़रगाम हैदर, असिफ अली, काविश हुसैन, तहसीन हुसैन व मोमीन ने नौहाख्वानी की अन्जुमन हुसैनी हापुड़ व अंजुमन हैदरी साकनी ने मातम करके हुजूर की बेटी हज़रत जनाबे फातेमा स.अ. को उनके शहीद बेटे हजरत इमाम हुसैन अ. स. का पुरसा पेश किया। जुलूस की अध्यक्षता अंजुमन हुसैनी के अध्यक्ष सैय्यद राशिद हुसैन ने की।

# बस की टक्कर से युवक की मौत का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** अनवरपुर फ्लाईओवर पर शुक्रवार रात एक रोडवेज बस की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बुलंदशहर के बुगरासी निवासी कृष्ण कुमार अपने भाई अर्जुन और साथी सौरभ के साथ मैक्स वाहन से फूल लेकर दिल्ली जा रहे थे।

दर्ज मुकदमे के अनुसार, गढ़मुक्तेश्वर डिपो की बस ने पीछे से उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कृष्ण कुमार को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर चालक की तलाश जारी है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

## गांव के विकास कार्य में अवरोध डालने वालों पर महिला प्रधान का बड़ा आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव रझडा निवासी ग्राम प्रधान ने गांव के दो व्यक्तियों पर गांव में निर्माणाधीन विकास कार्य नहीं करने देने का आरोप। ग्राम प्रधान नीतू पाल ने थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर आरो. पियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस आरो. पियों की तलाश में जुट गई है। ग्राम प्रधान नीतू पाल ने आरोप लगाते हुए बताया ग्राम रझेडा में ही रहने वाले सौदान यादव पुत्र तरीफ यादव, विरेन्द्र यादव पुत्र सौदन यादव खनन माफिया है। दोनों आरोपी गांव के विकास कार्य नही करने देते है। दोनो व्यक्ति दबंग प्रवृति के हैं। आरोप है 13 अगस्त को गांव रझेडा से गांव सैना वाले रास्ते पर नाले निर्माण का कार्य चल रहा था। रात्री लगभग 9 बजे दोनों आरोपियों ने नाले के निर्माण को रोकने का प्रयास किया। आरोप है महिला प्रधान पर अश्लील आपत्ति जनक टिप्पणी की गयी तथा गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। काम कर रही लेवर के साथ मारपीट की गयी।

# रामचरित मानस पाठ प्रारंभ, भक्ति रस में डूबा गांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम शाहपुर फगोता में धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण का विशेष आयोजन किया गया। मंगलवार, 15 अगस्त से गांव के बालाजी मंदिर प्रांगण में रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ, जो प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात 10 बजे तक बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्रामवासी बुजुर्ग, युवा एवं महिलाएँ पूर्ण समर्पण के साथ भाग ले रहे हैं। खास बात यह है कि केवल गांव के लोग ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु



पहुंचकर भगवान श्रीराम की भक्ति में सराबोर हो रहे हैं। शाम होते ही पूरा वातावरण रामचरित मानस के पावन छंदों और भजनों की गूंज से आलोकित हो उठता है। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य संजीव शिशोदिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग और भक्ति भाव को समाज तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि भरत की अपने भाई श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

चेयरमैन रविंद्र सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में परिवार और समाज के संबंध कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में भगवान राम के जीवन से सीख लेकर हमें आपसी भाईचारे, सद्भाव और समरसता को बढ़ावा देना चाहिए। गांव के बुजुर्गों ने भी माना कि इस आयोजन से युवा पीढ़ी अपने धर्म, संस्कार और परंपराओं से जुड़ती है। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि इस पाठ और भक्ति के माहौल को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

## एक नजर

### स्कूटी में निकला सांप का बच्चा, युवती घबराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** अनवरपुर गांव की एक युवती की स्कूटी में अचानक सांप का बच्चा निकल आने से अफरा-तफरी मच गई। मामला सोमवार दोपहर का है, जब युवती अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से पिलखुवा किसी काम से जा रही थी। जैसे ही वह डूहरी पेट्रोल पंप के पास पहुंची, अचानक स्कूटी के पास सांप का बच्चा दिखाई दिया। सांप को देख युवती घबरा गई और तत्काल स्कूटी सड़क किनारे छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चली गई।

राहगीरों ने युवती की मदद करते हुए स्कूटी को ध्यान से खंगाला, जिसके बाद उसमें छिपा हुआ सांप का बच्चा बाहर निकाला गया। लोगों ने लकड़ी की मदद से सांप को सुरक्षित रूप से झाड़ियों में छोड़ दिया। इस दौरान मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई और कुछ देर तक वहां हड़कंप का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में सांप अक्सर घरों, गाड़ियों और सुनसान जगहों में घुस जाते हैं। बताया गया कि युवती सुबह घर से स्कूटी निकालकर सीधे पिलखुवा के लिए निकली थी, इस दौरान संभव है कि सांप का बच्चा स्कूटी में कहीं से आकर छिप गया हो। सौभाग्य से युवती समय रहते सतर्क हो गई और किसी प्रकार की अनहोनी टल गई। राहगीरों की सतर्कता और त्वरित मदद से युवती ने राहत की सांस ली।

### संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ,एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील सभागार में सोमवार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी की श्रीराम सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 3 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए।

उप जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर तहसीलदार राहुल कुमार , पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वही दूसरी और, सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ में गाली गलौज को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वांछित आरोपी घर से गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी खलील अहमद पुत्र शकील अहमद, जो कोतवाली पिलखुवा का निवासी है, पर धोखाधड़ी और गबन के गंभीर आरोप हैं। पुलिस के अनुसार, आरा. पी लंबे समय से फरार चल रहा था और न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस लगातार फरार अपराधियों की तलाश में कार्रवाई कर रही है और किसी भी आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा।

# यातायात नियमों की उड़ रही धज्जियां, प्रशासन मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र में वाहन चलाते समय बरती जा रही बड़ी लापरवाही के चलते कई बार सड़क हादसा होने के बाद भी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे है। जो कि यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ा रहे है।

न तो हेलमेट के प्रति जागरूकता है, और न ही सीट के प्रति कोई सजग है। वहीं कोई ही ऐसा बाइक सवार सड़क से गुजरता है जिस पर तीन से चार सवारी न हो। इसके सबके बावजूद जिम्मेदार मौन हैं। हैरानी की बात यह है, कि पिछले बारह महीनों के भीतर तहसील क्षेत्र से लाखों रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है। इसके बाद भी वाहन चालक सबक लेने को तैयार नहीं हैं। दरअसल नगर के सबसे व्यस्त स्थानों में गढ़ चौपला माना जाता है। जहां वाहनों की सबसे ज्यादा आवा. जाही रहती है। गढ़ चौपलें के आस पास शाह टाइम्स की टीम ने करीब आधा घंटे तक यातायात नियमों के पालन की हकीकत जानने की को. शिश की। दो-चार को छोड़कर जितने भी बाइक सवार गुजरे बिना हेलमेट और ट्रिपिल राइडिंग करते हुए गुजरे। यूं तो चौराहे पर पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। लेकिन गुजरते बाइक सवारों को देखकर लगा कि इन्हें इससे कोई सरोकार नहीं है। न किसी को यातायात नियमों के पालन करने की फिक्र है। और न जिम्मेदारों को पालन कराने की। सीओ वरुण मिश्रा का कहना है, कि नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के चौराहो पर भी पुलिस द्वारा चेकिंग की जाती है। अब अभियान चलाकर ऐसे यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्यवाही की जाएगी।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव फरीदपुर गौसाई में खंबे पर बिजली लगने के बाद दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। विवाद में एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी नरेंद्र सिंह ने बताया कि उनके घर के बार ग्राम प्रधान द्वारा खंबे पर बिजली की लाइट को लगाया गया था। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी होने के बाद मौके पर समझौता करा दिया, लेकिन दूसरे पक्ष कुछ देर के बाद उनके घर में घुस गया और उन पर हमला कर दिया। हमले में वह और उनका भाई परविंद्र सिंह घायल हो गए। घायलों को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गांव देहपा आजमपुर में दबंगई का वीडियो वायरल, कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव देहपा आजमपुर में खुलेआम दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक हाथ में तमंचा लहराते हुए फायर करता नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तमंचे से फायरिंग करने के बाद दबंग ने धमकी भी दी, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

लोगों का कहना है कि वीडियो से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह की धमकियां दी गई होंगी। क्षेत्र में रह रहे लोग भय के साए में जीने को मजबूर हैं। बच्चों और महिलाओं में खासा डर बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों ने चौकी पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर भी पहुंची, लेकिन बातचीत के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी गंभीर घटना सामने आने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस तरह की घटनाओं पर समय रहते कड़ा कदम नहीं उठाया गया तो कभी भी कोई अप्रिय वारदात हो सकती है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब खुलेआम फायरिंग और धमकी की वीडियो सबके सामने है, तब भी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार शेयर किया जा रहा है और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## फ्लाईओवर हादसे में महिला की मौत, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग फ्लाईओवर पर 9 अगस्त को हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

घटना में गाजियाबाद के दीनानाथपुर पूठी निवासी विपिन अपनी पत्नी बीना और दोनों बेटों तुषार व तरुण के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थे। तभी पीछे से आ रही एक टाटा वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पूरा परिवार घायल हो गया। घायलों को राहगीरों की मदद से पहले रामा अस्पताल ले जाया गया, फिर उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया, जहां 12 अगस्त को बीना ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# कांग्रेस नेता सचिन की मुश्किल बढ़ी, देशद्रोह का चल सकता है मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोराना काल के दौरान पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने वाले कांग्रेस नेता सचिन चौधरी की मुश्किल बढ़ गई है, क्योंकि उनके द्वारा अपने बचाव में दाखिल की गई याचिका को हाईकोर्ट ने सिरे से खारिज कर दिया है।

गढ़ अमरोहा लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमाने वाले सचिन चौधरी की मुश्किल थमने की बजाए और भी बढ़ गई है। मूलरूप से गढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव कनिया कल्याणपुर के रहने वाले सचिन चौधरी पर कोरोना काल के दौरान पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने का आरोप है। संबंधित मामले में केस दर्ज किए जाने के बाद पासपोर्ट जब्त होने के साथ ही सचिन चौधरी को करीब सवा माह तक जेल भी काटनी पड़ी थी। वर्तमान में सचिन चौधरी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी में सचिव पद के साथ ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव पद पर कार्यरत हैं। जिनकी पत्नी आभा चौधरी पर भी पिछले दिनों जीएसटी विभाग ने शिंकजा कसते हुए कड़ी कार्रवाई की थी। जिसके तहत उनकी फर्म के अकाउंट सीज करते हुए कई महत्वपूर्ण अभिलेखों को जांच के लिए कब्जे में ले लिया था। सचिन चौधरी के खिलाफ दर्ज हुए मामले में देशद्रोह का आरोप लगाते हुए संबंधित कोर्ट में अभियोग पत्र भी दाखिल कर दिया गया है, जिसमें अपना बचाव करने को लेकर दायर की गई याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा सिरे से खारिज कर दिया गया है। सचिन चौधरी का कहना है कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वेषपूर्ण भावना से उत्पीड़नात्मक कार्रवाई करा रही है। कोविड काल में हुई घोर लापरवाही को लेकर की गई टिप्पणी को देशद्रोह जैसे गंभीर मामले के दायरे में लाना किसी भी रूप में उचित नहीं है, परंतु सत्ता के दबाव में मनमाने ढंग में कार्रवाई करते हुए उनकी पत्नी की फर्म के बैंक खाते तक सीज कर दिए गए हैं।

## घर पर अवैध रूप से कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में मकान पर अवैध कब्जे को लेकर भाई और उसके परिजन हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी कादिर ने बताया कि उसके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है। उसका भाई शेरूदीन हापुड में निवास करते हैं। उसका भाई के पास गलत व्यक्तियों का उठना बैठना है। गांव सिखेडा के वह पुस्तैनी मकान में रहता है। पीड़ित ने बताया कि तीन अगस्त शेरुदीन रिहान, रुकसार उर्फ भुरी, उस्मान रहीम, इमरान, मुनीजा, अफरोज, काशिफा उसके घर में घुसे तथा उसके उसकी पत्नी शमा के साथ आरोपियों ने गाली गलोच व मारपीट कर और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यूट्यूबर महक परी की कार ने बाइक में मारी टक्कर

## विवाद के बाद युवकों से भिड़ीं यूट्यूबर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। यूट्यूबर महक परी की कर चला रहे युवक ने बाइक में टक्कर मार दी तथा मौके से भाग निकला। युवकों ने पीछा कर युवक को बाइक से उतार जमकर पीटा। इस दौरान यूट्यूबर की युवकों से तीखी नोकझोंक हुई। किसी भी पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर नहीं दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र में कस्बा जोया स्थित साप्ताहिक बाजार के मैदान में नुमाइश लगी हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार देर शाम संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कलां निवासी विवादित यूट्यूबर महक परी मेले में आई थीं। घूमने के बाद यहां से वापस जाते समय दोनों बहनों की कार चला रहे युवक ने एक बाइक में टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर के बाद युवक ने जब कार नहीं रोकी तो लोगों ने पीछा शुरू कर दिया। थोड़ी दूर जाकर कार को घेर लिया। युवक को कार से उतारने के बाद उसके साथ मारपीट कर दी। विवाद बढ़ते देख महक परी भी कार से उतर आई। इसके बाद दोनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोप है कि दोनों बहनों ने जमकर हंगामा किया। भीड़ में शामिल किसी युवक ने घटनाक्रम की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। हालांकि बाद में स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों को समझा कर मामला विवाद खत्म करा दिया। इसके बाद महक परी कार में सवार होकर वहां से चली गईं। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन तब तक दोनों पक्ष जा चुके थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नही दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को गरजे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गाँव धनोरी खुर्द शुमाली के ग्रामीणों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया। गाँव की टूटी-फूटी सड़क और खस्ताहाल खड़ंजे से परेशान ग्रामीण सोमवार को भारी संख्या में तहसील मुख्यालय पहुँचे और जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंपकर तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की माँग की।



गाँव निवासी नन्हे ने बताया कि रमेश के घर से तेजपाल के घर तक लगभग 175 मीटर लंबा मार्ग कई वर्षों से खराब पड़ा है। यहाँ बने पुराने खड़ंजे पूरी तरह उखड़ चुके हैं। बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता है। ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्कूली बच्चे रोजाना इसी मार्ग से स्कूल जाते हैं और अक्सर फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बुजुर्ग और महिलाएँ भी इस जर्जर मार्ग पर गिरकर घायल हो चुकी हैं। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत से लेकर तहसील स्तर तक अधिकारियों को अवगत कराया। मौखिक शिकायतों के साथ-साथ लिखित पत्र भी दिए गए, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। थक-हारकर अब उन्हें प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने कहा हमारे बच्चों और बुजुर्गों की जिंदगी रोजाना खतरे में रहती है। सड़क की मरम्मत सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अगर हमारी समस्या जल्द नहीं सुलझी तो हम बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। शिकायती पत्र पर सोनू, अमर सिंह, महेश, संजय, नितिन, विपिन, काले, राहुल, धर्मपाल, नवीन कुमार, जयपाल, नीरज, छोटे, गोविंद, अमित, अमर सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे। सभी ने एक सुर में सड़क को दुरुस्त कराने की माँग की।

# धारदार हथियार मार युवक को किया घायल

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी के बाद हुई मारपीट में एक पक्ष के युवक के हाथ में धारदार हथियार मार कर घायल कर दिया।पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर माफी निवासी रविंदर पुत्र विजयपाल एवं विजय पुत्र श्रीपाल की कुछ दिन पूर्व कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई थी। लेकिन दोनों पक्षों के द्वारा कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई थी। रविंदर का आरोप है कि सोमवार को उसके ताऊ के लड़के की दुकान पर पहुंच कर विजय के भाई उत्तम द्वारा गाली गलौज शुरू कर दी गई। इसी बीच रविंद्र अपने भाई बृजपाल उर्फ बिरजू के साथ गांव से आ रहा था तो उत्तम से कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई। बृजपाल उर्फ बिरजू का आरोप है की मारपीट के दौरान उत्तम द्वारा धारदार हथियार से उसके हाथ पर बार कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गये और एक दूसरे पर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग करने लगे। वहीं उत्तम की मां के द्वारा बृजपाल एवं उसके भाई पर छेड़छाड़ एवं मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि मारपीट के दौरान एक घायल हो गया है घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है।

# समस्याओं के निस्तारण में बरतें लापरवाही

## डीएम-एसपी ने सुनी शिकायतें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि वह जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उनके सामने 22 शिकायतें आई। जिनमें चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद जनता की शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान कुल 22 शिकायतें दर्ज कराई गई। जिसमें राजस्व की 10, विद्युत की पांच, तीन पुलिस, दो आपूर्ति विभाग, एक-एक शिकायत शिक्षा व विनियमित क्षेत्र से थी। मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जबकि कुछ मामले में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम बनाकर मौके पर भेजा गया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने शिकायतों के फीडबैक की समीक्षा के दौरान नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि वह समय सीमा में जनता की शिकायतें का संतोषजनक समाधान करें। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस व राजस्व विभाग की टीम आपस में सामंजस्य स्थपित करे मौके जाये तथा समस्याओं का निस्तारण करें। इस मौके पर सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, एसडीएम शशि भूषण पाठक, सीओ शक्ति सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आभा दत्ता मौजूद रहीं।

# खुजली व बुखार के मरीजों की बढ़ी संख्या

## मौसम बदलते ही लोगों को बीमारियों ने जकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मौसम में बदलाव आते ही नई नई बीमारियां भी शुरू होने लगी है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है।

सोमवार को 3 दिन की छुट्टी तमाशा होने के बाद जैसे ही साम. ,दायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वार खुले तुरंत बाद ही मरीजों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। दवाई का पर्चा बनवाने के लिए खिड़की पर मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। चिकित्सकों से चेकअप कराने के लिए मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया सबसे अधिक मरीज खुजली से प्रभावित है। बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। अब धीरे-धीरे मौसम बदलने लगा है। इसके साथ ही बीमारियां भी बढ़ने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों की संख्या अधिक बढ़ रही है। उधर चिकित्सकों का कहना है की बरसात होने के कारण पानी में समस्या आ रही है। पानी को गर्म कर ठंडा करने के बाद सेवन करें। स्वास्थ्य विभाग में मरीजों की संख्या में हो रहे इजाफे को देखकर इसकी तैयारी करनी शुरू कर दी है।

## योगेन्द्र बने रामलीला समिति के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। श्री शिव महामंडल रामलीला समिति द्वारा सर्व सहमति से पंडित योगेंद्र शर्मा को समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया है. सभी सदस्यों द्वारा फूलमाला बनाकर नव नियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया गया। सोमवार को नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में श्री शिव महामंडल रामलीला समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आगामी सत्र के लिए समिति के अध्यक्ष का चयन करना था। श्री रामलीला परिसर के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल द्वारा सर्व सहमति से पंडित योगेंद्र शर्मा को श्री शिव महामंडल रामलीला समिति 2025 का अध्यक्ष घोषित किया गया। रामलीला परिसर के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल द्वारा बताया गया की 15 सितंबर को झंडा पूजन, 20 सितंबर को भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन प्रारंभ किया जायेगा। 24 सितंबर को राम बारात, 2 अक्टूबर को रावण दहन, 3 अक्टूबर को राम भरत मिलाप शोभा यात्रा एवं 4 अक्टूबर को श्री राम की राजगद्दी का कार्यक्रम किया जायेगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष पंडित योगेंद्र शर्मा द्वारा बताया गया कि बहुत ही सुंदर तरीके से भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन कराया जायेगा। बैठक में राकेश अग्रवाल,तरुण अग्रवाल,पुनीत अग्रवाल,मोहित शर्मा, राजू शर्मा,अर्जुन यादव,विनोद कुमार, वेद प्रकाश यादव,सतवीर गिरी,पप्पू गिरी,देवेंद्र शर्मा,संजीव शर्मा,जितेंद्र शर्मा,उमेश,महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गजरौला थाने में फैले भ्रष्टाचार पर रोक की मांग

## भाकियू खालसा ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गजरौला पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ भाकियू खालसा के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच थाने में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग को डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उनका आरोप था कि पैसे चोरी की शिकायत करने थाने पहुंचे किसान का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया।

सोमवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कई पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देकर गजरौला पुलिस पर मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा कि थाने में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। गजरौला पुलिस का आचरण अत्यंत चिंता. जनक है। पुलिस से न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले पीड़ितों को धमकाया जाता है। पीड़ितों का ही शांति भंग में चालान कर दिया जाता है। पुलिस द्वारा समझौते के नाम पर धन उगाई की जाती है। पैसा नहीं देने पर समझौते वाले मामलों में भी चार्जशीट लगाकर मामले को आगे बढ़ा दिया जाता है। पुलिस के द्वारा आम नागरिकों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। आरोप लगाया कि 29 जुलाई को थानाक्षेत्र के धारापुर गांव के रहने वाले किसान नेता सतेंद्र चौधरी की कार से रुपये चोरी हो गए थे। इस मामले में उन्होंने नामजद शिकायत की थी। बावजूद इसके पुलिस ने सतेंद्र चौधरी का ही शांति भंग में चालान कर दिया। इतना ही नहीं कुमराला गांव के मंदिर पर रहने वाले महाराज दयाराम दास के साथ कुछ लोग मारपीट करते हैं। उनके साथ अभद्रता की जाता है। इस संबंध में पुलिस से शिकायत की गई तो आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे ही सुलतान ठेर गांव के रहने वाले पीड़ित वीर सिंह के मामले में भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस ने सभी मामलों में कार्रवाई नहीं की तो 21 अगस्त को संगठन के पदाधिकारी गजरौला थाने में धरना देंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान किसान नेताओं ने एसपी कार्यालय में भी शिकायती पत्र दिया। इस दौरान महेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, नितिन चौधरी, डॉ. प्रिया सिंह, हितेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# दो दुकानों से पकड़ा गया नामीगिरामी कंपनी का नकली सामान

**छापेमारी**

**● कंपनी के मैनेजर ने पुलिस को साथ लेकर की छापेमारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। दिल्ली के वजीरपुर क्षेत्र में स्थित समिता लीगल कंपनी के मैनेजर ने मेसर्स रेकिट बेंकिजर इंडिया प्रा.लिमिटेड के नकली सामान बेचने वाले दुकानदारों पर पुलिस के साथ छापेमारी की। दो दुकानों पर भारी मात्रा में कंपनी का नकली सामान बरामद हुआ। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों दुक. ानदारों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मैनेजर तौकीर चौधरी निवासी के.12 जेजे कॉलोनी वजीरपुर दिल्ली ने थाना पुलिस को दुक. ानदारों द्वारा उनकी कंपनी का नकली सामान बेचने की जानकारी दी और छापेमारी के लिये पुलिस टीम की मांग की, साथ ही पुलिस अधीक्षक का आदेशित पत्र भी प्रस्तुत किया। जिसके बाद मैनेजर व उनकी टीम को पुलिस बल दिया गया। इसके बाद टीम ने पुलिस की मौजूदगी में मोहल्ला जलालनगर सलेमपुर रोड नई बस्ती कस्बा व थाना गजरौला स्थित अयान कॉस्मेटिक स्टोर व जोयन कॉस्मेटिक स्टोर नाम दो दुकानों की तलाशी लेने पर लेने पर भारी मात्रा में कंपनी का नकली सामान बरामद किया गया।

बरामद माल को जब्त किया गया। मैनेजर तौकीर चौधरी ने पुलिस को तहरीर सौंपी, जिसके आधार पर पुलिस ने अयान कॉस्मेटिक स्टोर के स्वामी अनवर व जोयन कॉस्मेटिक स्टोर के स्वामी दिलशाद के विरूद्ध कॉपीराईट एक्ट सहित अन्य संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और विवेचना अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह को सौंपी गई है।



## समाधान दिवस में 16 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्र ने अध्यक्षता की। साथ ही उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से केवल 2 का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। शेष शिकायतों को विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, योगेश लोधी, नगर पंचायत की ईओ दीपालिका यादव, बीईओ प्रकाश. चंद, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, एडीओ पंचायत योगेन्द्र सिंह, एसडीओ राजन सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीडीओ अश्वनी मिश्र ने

## एएसएम के पांच खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। एएसएम बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज के पांच खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर हैंडवाल प्रतियोगिता के लिय हुआ है। 21 अगस्त को आगरा में राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें एएसएम बाल विद्या इंटर कालेज अंडर 19 टीम में पारसदीप, अनिकेत, दिपांकर, वैभव, निर्भय, विशांत, मुजस्सिम जबकि अंडर 17 में अर्श, कौशल चौधरी, मोहम्मद उजैर, निर्भय चौधरी का चयन हुआ है। उधर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में एएसएम की टीम ने जीत हासिल की। प्रबंधक वीरेन्द्र गुप्ता व प्रधनाचार्य योगेन्द्र कुमार शर्मा ने विजेता टीम को सम्मानित किया।

## 17 वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जिला पुलिस ने अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे 17 वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सोमवार को पुलिस ने गैर जमानती वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए खास अभियान चलाया। नगर कोतवाली पुलिस ने दो, गजरौला पुलिस ने पांच, बछरायूं पुलिस ने छह, रजबपुर पुलिस ने दो, हसनपुर कोतवाली व आदमपुर पुलिस ने एक-एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। एसपी के मुताबिक अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा। गिरफ्तार वारंटियों को दोपहर बाद संबंधित कोर्ट में पेश कर दिया गया।

# हार्टअटैक से सफाई कर्मी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुर्जर गांव में हृदयाघात से एक सफाई कर्मी की मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी पतराम सिंह पाल के 35 वर्षीय इकलौते बेटे तेजपाल सिंह पाल गजरौला ब्लाक के सादुल्लापुर ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी थे। रविवार की रात खाना खाने के बाद वे सो गए। देर रात उनकी पत्नी ममता जागी तो देखा कि तेजपाल चारपाई पर अचेत पड़े हैं। शंका होने पर उसने अपनी सास लीला देवी और ससुर पतराम सिंह को जगाया और आनन-फानन में उन्हें चिकित्सक के पास ले जाया गयाद्य जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।तेजपाल सिंह के निधन की खबर मिलते ही स्वजनों में को. हराम मच गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। इकलौते बेटे की मौत से वृद्ध माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।



## महिला से मारपीट में चार पर मुकदमा

**अमरोहा**। डेयरी से दूध लेने गयी महिला के साथ युवकों ने गाली गलौच शुरू कर दी। विरोध पर उसे पीटकर घायल कर दिय। चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। देहात थाना क्षेत्र के घनसूरपुर बवनिया गांव में राजवीर सिंह का परिवार रहता है। उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक 17 अगस्त की दुकान 3:30 बजे उनकी पत्नी अंजलि दूध की डेयरी से अपने रुपये लेने गई थी।


# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत सिखेड़ा वि.ख. पिलाना (बागपत)

**पत्रांक:मीमो /पं.रा.वित्त/15वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद** / 2025-26 **दिनांक**-18.08.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक- 27.08.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 27.08.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा/कुटेशन प्रप्त्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा/कुटेशन मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा/कुटेशन के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत ( रूपये में ) | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | होली चौक से नाला से नाली मरम्मत कार्य। | 200000 | 200 | 2% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | असलम के घर से नसीम के घर तक इंटरलॉक कार्य। | 55000 | 100 | 2% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | इन्द्र की दुकान से मनोज के मकान तक इंटरलॉक कार्य। | 261000 | 300 | 2% |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | जब्बार के मकान से अली के मौहम्मद के मकान तक इंटरलॉक कार्य। | 262000 | 300 | 2% |
| 5 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | ग्राम सिखेडा में इन्द्रपाल के घर के पास चैनल निर्माण और नाली मरम्मत कार्य। | 99000 | 100 | 2% |
| 6 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | ग्राम पंचायत सिखेडा में शमशान घाट निर्माण कार्य। | 2700000 | 500 | 2% |
| 7 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | तालाब व यात्रीसेड के पास इंटरलॉक कार्य। | 150000 | 200 | 2% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वतः निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **छः माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6.प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 10रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सिखेड़ा**
**विकास खण्ड- पिलाना (बागपत)**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत सिखेड़ा**
**विकास खण्ड- पिलाना (बागपत)**

# भाकियू अम्बेडकर का कलेक्ट्रेट में हंगामा

## झोलाछाप डाक्टरों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अम्बेडकर के कार्यकर्ताओं ने जर्जर सड़कों का निर्माण करने, अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सैंटरों, अस्पतालों व पैथोलॉजी लैबों व सरकारी कार्यालयों से भ्रष्टाचार दूर करने की मांग को कलेक्ट्रेट में तीन घंटे जमकर हंगामा किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा अपनी मांगों को लेकर हंगामा करने लगे। उन्होंने बीस सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। जिसमें हसनपुर 0 प्वाइंट से सलारा तक तटबंध मार्ग पर जर्जर सड़क का निर्माण, जिले में सड़कों पर खुलेआम घूम रहे गोवंश को गौशाला भिजवाने, सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की तैनाती कराने, बिजली विभाग द्वारा रीडिंग में की जा रही घपलेबा. जी व डबल मीटर के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को रोकने, कुछ गांवों में आज तक सड़क निर्माण नहीं किया गया है वहां सड़कों का निर्माण कराने, आरटीओ द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के नाम पर की जा रही वसूली को रोकने की मांग की। हसनपुर क्षेत्र में काटे जा रहे आम के हरे भरे पेड़ों पर सख्त कार्रवाई की जाये। जिन लोगों के मकान कच्चे है उन्हें पक्के मकान दिये जाये, 60 साल के उम्र के लोगों को पेंशन नियमानुसार दी जाये, गांव में पाइप लाइन का विस्तार हो, गांव में ग्राम समाज की भूमि जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध करायी जाये। पात्र लोगों के राशन कार्ड बनवाये जायें। बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार को दूर करने की मांग की। इस दौरान उन्होने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में कपिल जाटव, सोनू गुर्जर, अशोक पहलवान, कुलदीप भारती, विजय सैनी, मोहित सैनी आदि शामिल रहे।

### सीएमओ बोले! झोलाछापों को पुलिस के हवाले करो

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** धरना दे रहे भाकियू अम्बेडकर के कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह से उन्होंने अवैध अस्पतालों, पैथोलॉजी लैबों, अल्ट्रासाउंड सैंटरों व झोलाछापों पर कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा जिला अस्पताल में सनी नाम के कर्मचारी द्वारा चिकित्सकों के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर कार्रवाई को कहा। सीएमओ ने किसानों से कहा कि वह झोलाछाप चिकित्सकों को पकड़कर स्वयं पुलिस के हवाले कर दें। क्योंकि झोलाछाप सैकड़ों मरीजों की जान ले चुके हैं।



गजरौला। कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सोंपते भाकियू बीआर अम्बेडकर के पदाधिकारी।

# गंगा में डूबे छात्र के परिजनों का हत्या का आरोप

## दो दोस्तों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दोस्तों के साथ गंगा नहाने गये छात्र की गंगा के गहरे पानी में डूब कर मौत के मामले में मृतक के परिजनों द्वारा कोतवाली पहुंचकर गांव के ही दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वही पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी शिवम पुत्र सतपाल सिंह जाटव शनिवार की शाम करीब 3 बजे गांव के रहने वाले दोस्तों के साथ गंगा पर नहाने के लिए गया था। गंगा एक्सप्रेसवे पर मौजूद पहली पुलिया पर छात्र शिवम दोस्तों के साथ नहाने लगा। इस दौरान उसका पांव गहरे पानी में फिसल गया। जिससे वह डूबने लगा। साथ गये दोस्तों ने शोर मचाया लेकिन तब तक शिवम गंगा के गहरे पानी में समा चुका था। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई तथा ग्रामीण पानी में डूबे हुए शिवम को तलाश करने लगे। सूचना मिलने पर डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने 3 घंटे के बाद डूबे हुए छात्र को पानी से बाहर निकाल लिया। वही चिकित्सकों द्वारा छात्र को मृतक घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। सोमवार को मृतक छात्र की मां एवं उसके परिजन कोतवाली पहुंचे और पुलिस को गांव के ही दो युवकों पर हत्या का आरा. ेप लगाते हुए तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर छात्र की डूबकर कर मौत हुई है।

# रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पीछे बैठे दो ग्रामीण घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया तो वहीं मृतक के शव को कब्जे में लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। वहीं पुलिस ने घटना की जिम्मेदार रोडवेज बस को भी कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार मण्डी धनौरा क्षेत्र के गांव ढ़यौटी निवासी

**हादसा**

**बाइक पर पीछे बैठे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल**

करन सिंह प्रजापति (55) बाइक पर सवार होकर गजरौला चौपला पर सीओ ऑफिस की दिशा में जा रहे थे, बाइक पर पीछे ढ़यौटी निवासी ही जितेन्द्र व बॉबी भी बैठे थे। ये लोग किसी काम से नाईपुरा की दिशा में जा रहे थे कि रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में करन सिंह प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठे जितेन्द्र व बॉबी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ भी लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया तो वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी, बाद में आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। वहीं पुलिस ने घटना की जिम्मेदार रोडवेज बस को भी कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश की जा रही है। उधर जितेन्द्र व बॉबी की हालत भी गंभीर है। जितेन्द्र मुरादाबाद के श्री साईं हॉस्पिटल व बॉबी पाकबड़ा के जीवन-24 हॉस्पिटल में उपचारधीन हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर प्रजापति समाज के लोग भी सीएचसी पहुंच गए।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में पथराव व फायरिंग

## पुलिस ने मौके पर पहुंच संभाली स्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में पथराव व फायरिंग होने से गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव में छड़ी का मेला लगा हुआ था। ग्रामीण दिन छुपते ही छड़ी मेले में खरीदारी कर रहे थे। इसी दौरान बीच गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट होने के बाद पथराव होने लगा। आरोप है कि एक पक्ष ने हवा में फायरिंग करनी शुरू कर दी। जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई। छड़ी मेले में खरीदारी कर रहे ग्रामीणों के बीच भगदड़ मच गई। जिसको जहां को मौका मिला उसने उधर को ही बचने के लिए दौड़ लगा दी। पथराव इतना भयंकर था कि रास्ते में जा रहा एक राहगीर भी घायल हो गया। एक पत्थर राहगीर की जेब में रखे मोबाइल पर पड़ा तो वह भी टूट गया। बताया जा रहा है कि पथराव में एक पक्ष का एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। मारपीट में शामिल एक पक्ष गांव के राशन डीलर का बताया जा रहा है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही इस मामले में कार्रवाई की जायेगी



अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन देते सभासद।

# हसनपुर पालिका के सीमा विस्तार पर भड़के सभासद

## नौगांवा विधानसभा के गांवों को शामिल करने का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हसनपुर नगर पालिका के सीमा विस्तार के खिलाफ सभासदों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने डीएम से शिकायत कर आरोप लगाया कि सीमा विस्तार के प्रस्ताव को बोर्ड की बैठक के एजेंडे में नहीं लाया गया। जबकि प्रस्ताव में उन गांवों को भी शामिल किया गया है जिनका विधान सभा क्षेत्र नौगांवा सादात है।

नगर पालिका परिषद हसनपुर द्वारा 14 गांवों को सीमा विस्तार में शामिल करते हुए डीएम के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जब इसकी जानकारी सभासदों को लगी तो वह भड़क गये। उन्होंने चेयरमैन पर आरोप लगाते कहा कि सीमा विस्तार के प्रस्ताव को बोर्ड की बैठक के एजेंडे में शामिल ही नहीं किया गया। यह विशेष प्रस्ताव होने के कारण नियामनुसार 2/3 के प्रस्ताव से स्वीकृत होना चाहिये था जो की नहीं कराया गया। इस प्रस्ताव में किसी प्रकार का कोई भी मानक पूर्ण नहीं किया गया है। पुरानी तहसील इसका केन्द्र बिंदु है। इसे ही मानते हुए सभी गांव सम्मलित किये जाने चाहिये थे। परन्तु ऐसा नहीं किया है। इस प्रस्ताव में सात किलोमीटर की दूरी वाले गांव शामिल कर लिये गये है जबकि तीन किलोमीटर की दूर वाले गांवों को छोड़ दिया गया है। चकौरी गांव की दूरी सात किलोमीटर है जो प्रस्ताव में शामिल है। इस प्रस्ताव में करनपुर माफी, कुड़ी

**सभासदों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

वीरान, डोमखेड़ा, रामपुर भूड़, मुबा. रिकपुर कलां, अहरौला अहमदयार खां, शेखपुर झकड़ी, शाहपुर कलां, करनखाल, दीपपुर, घनसूरपुर खालसा, फूलपुर बीझलपुर, चकौरी, मौहम्मदपुर बंगर आदि को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। इनमें से आधे गांव नौगांवा सादात विधान सभा में आते है। ऐसे में असमंजस की स्थिति पैदा हो जायेगी।। इतना ही नही कम दूरी वाले कालखेड़ा, सुल्तानपुर वीरान, हैबतपुर बंजारा को इस प्रस्ताव को शामिल नहीं किया गया है। इन गांवों को दूरी मात्र तीन से साढ़े चार किलोमीटर है। सभासदों ने डीएम ने उक्त प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की। शिकायत करने वाले सभासदों में सायमा परवीन, मौहम्मद रागिब, आसमा परवीन, लियाकत अली, नसीमा, नाजिया, शाहीन बदर, हरम खानम, हमजा अली, मौहम्मद नाजिम, गुलफशा, शहनवाज अहमद अंसारी, अमीर जहां, जाहिद अली शामिल है।

# मारपीट में महिला समेत दो पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** तीन रूपये को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गयी। जिसमें दो युवक घायल हो गये। महिला समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जिवाई गांव में मदन का परिवार रहता है। उनकी पत्नी राममूर्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट के मुता. बिक ननद का बेटा दीपक गांव के रहने वाले नन्नू की दुकान पर माचिस लेने गया था। इस दौरान नन्नू ने उसके तीन रुपये वापस नहीं किए। लिहाजा राममूर्ति ने अपने बाकी रुपये मांगे तो नन्नू और कलावती ने उनकी ननद के बेटे को गालियां देनी शुरू कर दीं। इस दौरान राम मूर्ति का बेटा अर्जुन पहुंचा तो उसके साथ मारपीट की। घटना में दीपक और अर्जुन घायल हो गए। मामले में पुलिस ने नन्नू और कलावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवक की मौत के 19 दिन बाद चालक पर रिपोर्ट

## मृतक के पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवक की मौत के 19 दिन बाद अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। जबकि हादसे में घायल एक युवक की हालत गंभीर बनी है।

मुरादाबाद जनपद के कटघर थानाक्षेत्र के मिलक धावी में रहने वाले धर्मवीर सिंह का बेटा पुष्पेंद्र गांव के रहने वाले तरुण सिंह के साथ 27 जुलाई को बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। इस दौरान पुष्पेंद्र अपने दोस्त योगेश ठाकुर के साथ भोलेनाथ ढाबे से करीब सौ मीटर मीटर दूर सर्विस रोड पर खड़े थे। तभी तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में पुष्पेंद्र, तरुण सिंह और योगेश ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 28 जुलाई को पुष्पेंद्र की मौत हो गई। जबकि दोनों दोस्तों की हालत गंभीर बनी हुई है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि हादसे के 19 दिन बाद मृतक पुष्पेंद्र के पिता ने कार के अज्ञात चालक के का रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चौपला चौराहे पर बनी रही जाम की स्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बिजनौर बैराज के

**दूर दूर तक पहुंची वाहनों की कतार**

पुल पर मरम्मत कार्य के चलते यातायात बंद होने के कारण यातायात डायवर्जन करके गजरौला से निकाला जा रहा है, जिससे गजरौला में भी यातायात का दबाब बढ़ रहा है। आए दिन चौपला चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को चौपला चौराहे पर जाम के हालात बन जाने के कारण दूर दूर तक वाहनों की कतारें लग गईं। इस कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को भी



परेशानी का सामना करना पड़ा। दूर दूर तक वाहनों की कतार लग गई। धूप के कारण जाम में फंसे लोगों का हाल बेहाल हो गया। चौपला चौकी पुलिस और यातायात विभाग की पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया, हालांकि बाद में भी कई जाम जैसे हालात बने रहे।

**चौपला चौराहे व इंदिरा चौक पर रेड लाइट व्यवस्था की जरूरत**

चौपला चौराहे और इंदिरा चौक चौराहे पर यातायात का दबाब बढ़ने से अक्सर जाम लग जाता है। लोग बेतरबीब ढ़ंग से मनमाने ढंग से अपने वाहनों को निकालने की जल्दबाजी करते हैं, जिससे भी यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। यदि रेड लाइट व्यवस्था हो जाएगी तो निश्चित रूप से लोग अपने वाहनों को नियमानुसार निकालेंगे और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

# डेढ़ लाख शिक्षकों को महासंघ से जोड़ेंगे




**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री योगेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि संगठन डेढ़ लाख शिक्षकों को इस साल सदस्य बनायेगा। भगवत सरन इंटर कालेज में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री योगेन्द्रपाल सिंह का स्वागत हुआ। इस दौरान सभी ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का संकल्प लिया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि 18 अगस्त से सदस्य अभियान की शुरूआत की गयी है जो एक सितम्बर तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस साल डेढ़ लाख सदस्यों को संगठन से जोड़ा जायेगा। इस मौके पर सुदेश कुमार, डा. हरकेश सिंह, ध्यान सिंह, रनवीर सिंह, देवराज सिंह, विकास कुमार, नरेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, संजीव कुमार, मदनपाल सिंह, सतपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, इकरार अहमद, मोहम्मद आकिब, टीनू कुमार आदि मौजूद रहे।

# गंगा के जलस्तर में दस सेमी की वृद्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा के जलस्तर में सोमवार को फिर से दस सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई, वहीं बिजनौर स्थित बैराज से 1,46,216 क्युसेक पानी छोड़ा गया। जलस्तर घटने-बढ़ने का क्रम पिछले कई दिन से जारी है। अभी खादर क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा पूरी तरह से दूर नहीं हुआ है।

बता दें कि कि गजरौला क्षेत्र के टीकोवाली, शीशोवाली, ढ़ाको वाली, रूस्तमपुर मंदिर वाली भुड्डी आदि समेत दर्जन भर गांवो में इस समय जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात रहे और लोगों के सामने अब भी काफी समस्या हैं।

**बैराज से छूटा 1,46,216 क्युसेक पानी**

जलस्तर के घटने के क्रम भी ज्यादा अंतर में नहीं है, इससे अभी बाढ़ जैसे हालातो का खतरा अब भी मंडरा रहा है। शनिवार को भी जलस्तर 200.60 मीटर गेज था, रविवार को फिर 10 सेमी की कमी दर्ज की गई, वहीं सोमवार को फिर से दस सेमी की वृद्धि हुई। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि सोमवार को जलस्तर में दस सेमी की वृद्धि दर्ज की गई। सभी तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित हैं, टीमें निगरानी कर रही हैं।

# रजाकपुर में होगा आधुनिक चौराहे का निर्माण

## 34 लाख की धनराशि से होगा निर्माण कार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका द्वारा नौगांवा रोड पर गांव रजाकपुर में आधुनिक चौराहे का निर्माण कराया जायेगा। 15वें वित्त आयोग की धनराशि से इसका निर्माण होगा। जिस पर 34 लाख रूपये का खर्चा आयेगा। डीएम से इसकी स्वीकृति मिल गई है।

ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि पालिका का सीमा विस्तार हो जाने के बाद नये वार्डो में लगातार विकास कराये जा रहे है। इसी क्रम में वार्ड अकबरपुर पट्टी के रजाकपुर में मुख्य मार्ग पर सुंदर व आधुनिक चौराहे का निर्माण कराया जायेगा। 15वें वित्त आयोग से इसका निर्माण होगा। इस चौराहे पर 34 लाख रूपये की धनराशि खर्च होगी। जिसकी स्वीकृति डीएम द्वारा दे दी गई है। इस चौराहे पर सुंदर रोडसाइड दीवारें, फुलवारी, संकेतक होंगे। यह चौराहा नौगांवा की तरफ से नगर में प्रवेश करने वाले लोगों का स्वागत करेगा। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नये वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है। इन वार्डो की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चौराहे का निर्माण कार्य जल्द शुरू करा दिया जायेगा।


# पूर्व कैबिनेट मंत्री को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारत के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेटर और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय चेतन चौहान की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष मनीपाल सिंह ढ़िल्लो, पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं गन्ना समिति धनौरा के अध्यक्ष चौ. विजेन्द्र सिंह, चौ.सुरेन्द्र सिंह स्टेट, वीर सिंह चौहान उर्फ भगत जी, संजीव चौहान, राजीव चौधन, करतार सिंह चौहान, तेजपाल सिंह आदि ने हाईवे स्थित कोरल फैक्ट्री में पूर्व कैबिनेट मंत्री चेतन चौहान को श्रद्धांजलि दी और उनकी पत्नी पूर्व विधायक संगीता चौहान सें भेंटवार्ता की।

# डायमंड सिटी में कॉलोनाइजर के गुर्गों ने मंदिर में की तोड़फोड़, महंत और पुत्र से मारपीट

## डीएम एसपी से शिकायत कर मंहत ने दबंगों से बताया जान माल का खतरा

**पीलीभीत।** जन्माष्टमी पर टनकपुर रोड स्थित नागेश्वर धाम मंदिर में शराब पीकर दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया

डायमंड सिटी कॉलोनी के कॉलोनाइजर के गुर्गों ने मंदिर में देर रात तोड़फोड़ कर की। शराब के नशे में डायमंड सिटी कालोनी कॉलोनाइजर के गुर्गों ने की मंदिर के पुजारी और उनके पुत्र से मारपीट की जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मजार हटाकर रातों रात नई मज़ार बनाने पर भी यहां जमकर हंगामा हुआ था, जिसकी कई अधिवक्ताओं ने उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की थी। यहां दिन रात शराब के नशे में हथियार लेकर कॉलोनाइजर के दबंग गुर्गे कालोनी में घूमते है जिससे मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं में भय का माहौल बना हुआ है। पूर्व में मन्दिर का रास्ता बंद करने पर हिन्दू संगठनों ने प्रदर्शन भी किया था मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी ने तब मंदिर का रास्ता खुलवाया था। कॉलोनाइजर के गुर्गों के आतंक से आस पास के लोगों में खौफ का माहौल बना हुआ है। सोमवार को सदर तहसील में आयोजित तहसील दिवस में पहुंचकर पीड़ित दीप्तिमान मिश्रा पुत्र स्व. आचार्य सुदर्शन मिश्रा निवासी मोहल्ला आसफजान, थाना कोतवाली ने वहां मौजूद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि प्रार्थी श्री नागेश्वर धाम मंदिर स्थित टनकपुर हाइवे थाना कोतवाली पीलीभीत का महंत व मंदिर ट्रस्ट का मुख्य ट्रस्टी है. दिनांक 16 अगस्त 2025 को प्रार्थी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर रात्रि लगभग 10 बजे पूजन आरती की तैयारी कर रहा था तभी वहाँ की कालोनी के काला. नाइजर अमित चौधरी के साथी रिंकू चौहान एवं सोनू ठाकुर मंदिर में शराब के नशे में घुस आये प्रार्थी को गंदी गंदी गालियां थी व कहने लगे कि मंदिर इतनी रात तक नहीं खुलेगा अगर इतनी रात तक बैठोगे तो जिंदा नहीं जा पाआ. गे, प्रार्थी ने जब विरोध किया तो उक्त लोगो ने पूजा का सामन फेंक दिया व प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे जब वहां मौजूद प्रार्थी के पुत्र ने उक्त लोगो की हरकत का वीडियो बनाया तो उक्त लोगो ने मोबाइल छीन लिया जिस पर मौजूद भक्त सुनील सक्सेना, नीरज यादव, देशराज, गजेंद्र यादव ने उक्त लोगो का विरोध किया व बमुश्किल उन लोगो से मोबा. इल छीना तब वह दोनों लोग प्रार्थी व उसके पुत्र को आइंदा मंदिर आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। उक्त घटना का वीडियो भी प्रार्थी के पास है। दिनांक 17 अगस्त की रात्रि लगभग 8 बजे जब का पुत्र मंदिर की आरती पूजा करके वापिस घर जा रहे था तो पुनः रिंकू चौहान व सोनू ठाकुर ने प्रार्थी के पुत्र को बुरी तरह धमकाया व कहा कि अपने पिता जी से कह दे कि

# केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर डा. रत्नेश ने देवहा नदी पर ग्राम भौरुआ पर पक्के पुल का निर्माण की मांग



**पीलीभीत।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर रत्नेश गंगवार ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार सांसद पीलीभीत से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात कर क्षेत्र से संबंधित कई विकासकार्यों के संबंध में लिखित अनुरोध पत्र दिया। जिनमें प्रमुख रूप से देवहा नदी पर ग्राम भौरुआ पर पक्के पुल का निर्माण एवं क्षेत्र की कई जर्ज़र हुई सड़कों की पुनः मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है।

# राज्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पर्व पर लिया हिस्सा

**पीलीभीत।** राजनैतिक जीवन के साथ ही मानव जीवन भी धर्म कर्म भी अभिन्न अंग है। गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने राजनैतिक जीवन के साथ ही धर्म–कर्म को भी अपनी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा बनाया है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने शहर से लेकर गांवों तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर एवं आयोजित मेलों एवं भजन कीर्तन में अपनी पूरी हिस्सेदारी निभाई है, जहा उन्होनें श्री कृष्णजन्माष्टमी के आयोजित मेलों का फीता काटकर शुभारम्भ किया वही कीर्तन भजन कार्यक्रमों में भगवान कृष्ण के चरणों में अपना शीश नवाकर उनका पूजा अर्चन किया। राज्यमंत्री संजय गंगवार अपने तयशुदा कार्यक्रम के तहत अमरिया ब्लाक क्षेत्र के ग्राम बारात बोझ एवं परैवा वेश्य में आयोजित श्री कृष्णजन्माष्टमी मेलों का फीता काटकर शुभारम्भ किया वही ललौरीखेड़ा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम नवादा कंजा एवं खमरियापुल आदि स्थानों पर आयोजित श्री कृष्णजन्माष्टमी मेलों का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

# भगवान श्रीकृष्ण ही पूर्ण परमात्मा : श्री चंचलापति दास



**वृन्दावन।** भक्तिवेदांत स्वामी मार्ग स्थित वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण दिवस जन्माष्टमी आध्यात्मिक उत्साह और दिव्य भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को भक्तों ने विभिन्न पुष्पों से सुसज्जित किया, जिससे पूरा वातावरण मनोहर हो उठा। उत्सव के मुख्य आकर्षणों में लड्डू गोपाल अभिषेक, छप्पन भोग, विशेष पोशाक धारण, झूलन उत्सव, भजन संध्या और हरिनाम संकीर्तन शामिल रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र का महाभिषेक पंचगव्य (दूध, दही, घी, शहद, मिश्री), 108 प्रकार के फलों के रस, औषधियों और पुष्पों से किया गया। इस अवसर पर हरे–श्याम रंग के रेशमी और चांदी की कढ़ाईयुक्त वस्त्र पहनाए गए, वहीं निताई गौरांग को विशेष अलंकरण और पुष्पमालाओं से सजाया गया। मंदिर अध्यक्ष श्री चंचलापति दास ने अपने संबोधन में ब्रह्मसंहिता के श्लोक

ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानंद विग्रहः।

# संस्कृति में विद्यार्थियों ने कुम्हारों के शिल्प को दिया सुंदर रूप




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग स्कूल के छात्रों ने मिट्टी से बने सुंदर हस्तशिल्पों को सजाया और प्रदर्शित किया। भारत के कुम्हारों की कला को सम्मान देने के उद्देश्य से उनके बनाए शिल्पों को प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से स्थान दिया गया। इस आयोजन का उद्देश्य अपने देश की मिट्टी से सुंदर शिल्प तैयार करने वाले कुम्हारों के श्रम और उनकी भावनाओं को सामने लाना था। कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए प्रदर्शों को विद्यार्थियों ने सजाकर सुंदर रूप दिया और इनकी प्रदर्शनी लगाई। इस आयोजन ने उन कुम्हारों की भावनाओं को भी छुआ, जो सादगी से मिट्टी में जान डालते हैं। उन्हें अपनी कला प्रस्तुत करने के लिए संस्कृति विश्व. विद्यालय ने एक मंच दिया। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए संस्कृत विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने संदेश दिया कि यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित है, जिसमें मिट्टी की खुशबू और कुम्हारों की कला झलकती है। विश्वविद्यालय की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा, सीईओ ने इस मौके पर कहा कि इस पहल ने छात्रों में देशभक्ति के साथ–साथ भारत की पारंपरिक कलाओं के प्रति प्रेम भी जागृत किया है। छात्र कल्याण विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि हम कुम्हारों की कला को सम्मान देने का माध्यम बने और छात्रों को उससे जोड़ पाए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डी.एस. तोमर की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम की परिकल्पना सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा के सौजन्य से की गई। स्कूल ऑफ नर्सिंग के वरिष्ठ ट्यूटर एवं इवेंट कोऑर्डिनेटर मुकुल पाठक ने पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों की निगरानी और मार्गदर्शन की जिम्मेदारी निभाई, जिससे छात्रों ने अपनी रचनात्मकता को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया। इस आयोजन में रेडियो संस्कृति 91.2 एफएम की अहम भूमिका रही, जिसमें आरजे जय और आरजे रसिक पूरे समय मौजूद रहे और कार्यक्रम

# सबलपुर के ठाकुर द्वारा मंदिर में बड़े धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव



**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास में जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री ठाकुर द्वारा राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्म पर विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन किया गया था। मंदिर के पुजारी जी ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना की और भगवान कृष्ण के जन्म की खुशी में भजन–कीर्तन किए गए। राधे कृष्ण कीर्तन मंडल द्वारा कृष्ण जन्म होने तक भजन कीर्तन किया गया। कृष्ण जन्म दिवस के अवसर पर ग्रामवासियों और भक्तों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ पटाखे फोड़े और आतिशबाजी की। राधा कृष्ण कीर्तन मंडली ने कृष्ण भजन गाकर पूरे मंदिर को कृष्णमय बना दिया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान कृष्ण की पूजा–अर्चना की और उनकी कृपा की कामना की। कृष्ण जन्म दिवस के उत्सव पर ग्रामवासियों और भक्तों ने पटाखे फोड़कर और आतिशबाजी करके कृष्ण जन्म दिवस का उत्सव मनाया। राधा कृष्ण कीर्तन मंडली ने कृष्ण भजन गाकर पूरे मंदिर को कृष्णमय बना दिया। भक्तों ने भगवान कृष्ण की पूजा–अर्चना की और उनकी कृपा की कामना की। इस तरह के उत्सव से ग्रामवासियों और भक्तों के बीच एकता और भक्ति की भावना बढ़ती है इस दौरान समस्त ग्रामवासी और भक्तजन उपस्थित रहे।

# निकासा पर दो पक्षों में पथराव, तीन घायल



**कोसीकलां।** नगर के निकासा क्षेत्र में सरकारी गली पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद में दोनो पक्षों के दर्जनों लोगों में लाठी, डंडों के साथ साथ जमकर पथराव हुआ और कांच की बोतलें फेंकी गयी। पथराव में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल के दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले घायलों को हास्पीटल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार नगर के निकासा स्थित मीट गली निवासी जाहिद पुत्र फारूख अपने नौहरे के बराबर में मौजूद सरकारी गली को पाट कर उस पर कब्जा कर रहा था। बताते हैं कि जैसे ही मामले की जानकारी पडोसी महफूज पुत्र हाजी नजीर को हुई, तो उसने सरकारी गली पर कब्जा करने का विरोध करना शुरू कर दिया। विरोध के स्वर मुखर होते देख दोनों पक्षों में गाली गलौज होने लगी। विवाद बढता देख दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन से अधिक लोग हाथों में लाठी, डंडे लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए और दोनों पक्षों में जमकर गाली गलौज के साथ साथ लाठी, डंडे चले और जमकर पथराव हुआ, कांच की बोतलें फेंकी गयी। पथराव होते देख निकासा क्षेत्र में भगदड मच गयी।

# समाधान दिवस आई 167 शिकायतें, 26 का निस्तारण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** सोमवार को जिले की सातों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील में डीएम–एसएसपी ने शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया। सभी तहसीलों में कुल 167 शिकायतें मिलीं। जिनमें से मौके पर 26 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

शेष शिकायतें संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौंपी गईं। सदर तहसील में डीएम श्रुति की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 35 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी। मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। एक फरियादी के राशन कार्ड बनवाए जाने के आवेदन पत्र पर मौके पर ही जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए राशन कार्ड बनवाकर डीएम ने संबंधित व्यक्ति को वितरित किया। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में एसडीएम सदर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। खुर्जा स्थित नई तहसील के सभागार में एसडीएम प्रतीक्षा पांडेय की अध्यक्षता में शिकायतें सुनीं गईं। 14 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें सात राजस्व, दो नगरपालिका और चार पुलिस और एक अन्य विभाग से संबंधित शिकायत रहीं। मौके पर राजस्व की एक शिकायत का निस्तारण कराया गया। इस मौके पर सीओ खुर्जा पूर्णिमा सिंह उपस्थित रहीं। सिकंदराबाद तहसील सभागार में एसडीएम दीपक कुमार पाल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 7 शिकायतें आईं, मौके पर दो समस्याओ का ही समाधान हो सका। संपूर्ण समाधान दिवस में 4 राजस्व, दो पुलिस और एक उर्जा निगम की शिकायते आई। समाधान दिवस में सीओ भास्कर मिश्रा समेत तहसील स्तरीय सभी अफसर मौजूद रहे। अनूपशहर में एसडीएम प्रियंका गोयल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 8 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए। मौके पर मात्र एक का निस्तारण किया गया। मौके पर तहसीलदार संजय कुमार, नायब तहसीलदार खुशबू सिंह, बीडीओ मनीष मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार, पालिका जेई अलका कुमारी आदि अधिकारी मौजूद रहे। स्याना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल नौ शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर मात्र तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। एसडीएम रविन्द्र प्रताप सिंह ने शिकायतों को सुना। सीओ प्रखर पांडेय ने भी फरियादियों की समस्याएं सुनी। तहसीलदार अजय कुमार, बीडीओ मोकम सिंह, कोतवाली प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया आईटीआई का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** सोमवार को डीएम श्रुति ने राजकीय आईटीआई सहकारीनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कराये जा रहे गार्ड रूम, आईटी लैब, इंटर लॉकिंग रोड, सीसी रोड व पूर्व निर्मित मुख्य प्रशासनिक भवन में मरम्मत, रंगाई–पुताई व अन्य निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। निर्माण कार्यों को कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। कराये जा रहे कार्यो का डीएम ने अवलोकन करते हुए अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के अनुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाए। डीपीआर के अनुसार ही आईटीआई में सभी कार्यों को पूरा कराएं। आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में संचालित कक्षाओं के बारे में भी जानकारी लेते हुए निर्देशित कि गया कि बच्चों को गुणवत्ता के साथ शिक्षा दी जाएं। मशीनों के संचालन के बारे में भी उन्हें पूर्ण दक्ष किया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग वीके चौधरी, प्रभारी प्रधानाचार्य आईटीआई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वामी राम भद्राचार्य जी ने डा. अभिषेक वर्मा को दिया आशीर्वाद

**वृंदावन।** पवित्र नगरी वृंदावन में शिवसेना (एनडीए गठबंधन) के मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक एवं चुनाव प्रभारी डॉ. अभिषेक वर्मा ने जगद्गुरु तुलसीपीठाधीश्वर पूज्यपाद स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज से आत्मीय भेंट की। इस भेंट के दौरान डॉ. वर्मा ने पूज्य स्वामी जी को अपने पिताश्री एवं प्रख्यात साहित्यकार श्रीकांत वर्मा जी द्वारा लिखित प्रसिद्ध उपन्यास 'मगध' स्मृति स्वरूप भेंट किया। साथ ही उन्होंने भगवान गणेश की एक सुंदर प्रतिमा भी समर्पित की। स्वामी रामभद्राचार्य जी ने इस अवसर पर स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि वे श्रीकांत वर्मा को व्यक्तिगत रूप से जानते थे और उनकी कविताओं एवं साहित्यिक रचनाओं से भली–भांति परिचित हैं। उन्होंने श्रीकांत वर्मा की साहित्यिक उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भारतीय साहित्य का अमूल्य धरोहर बताया। पूज्य स्वामी जी ने डॉ. अभिषेक वर्मा को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उन्हें "सनातन धर्म का सच्चा योद्धा" कहा।

# गैंगरेप पीड़िता ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना अहार क्षेत्र के एक गांव में दरिंदों ने पहले किशोरी को ईख के खेत में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। गैंगरेप की वीडियो बनाकर वायरल कर दी।

जिसके बाद पीड़िता किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। मेरठ के अस्पताल में पीड़िता की उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अहार क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने थाना अहार में तहरीर देकर बताया कि 9 अगस्त को वह किसी काम से अपने मायके में गयी थी। उसके घर पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री अकेली थी। दोपहर बाद करीब 4 बजे वह घर से पशुओं का चारा लेने के लिए पास के खेत में गई थी। जहां पहले से ही मौजूद गांव के तीन युवक उसे पकड़कर गन्ने के खेत में ले गए, जहां तीनों ने उसके साथ गैंगरेप कर वीडियो भी बना ली। वीडियो से आरोपी पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगे। घटना के दो दिन बाद पीड़िता की मां अपने मायके से लौटी तो उसकी पुत्री उसे गुमसुम सी नजर आई। उसके घर पड़ोस का एक युवक वहां पहुंचा और उसने पीड़िता की मां को बताया कि गांव के तीन लड़कों ने उसकी लड़की के साथ गैंगरेप कर उसकी वीडियो बना ली है। इसकी भनक उसकी पुत्री को लगी तो 14 अगस्त को उसने घर में रखी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे उपचार के लिए जहांगीराबाद के एक निजी अस्पताल ले गए जहां से उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। मेरठ में उपचार के दौरान 16 अगस्त को उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए उसके शव को गांव लाकर अंतिम संस्कार भी कर दिया। रविवार रात किशोरी की मां द्वारा थाना अहार में तीन युवकों को नामजद करते हुए तहरीर दी।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र बना पाई नौकरी, शिक्षक सस्पेंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पंडित दीन दयाल राजकीय मॉडल विद्यालय में तैनात एक शिक्षक ने जाति प्रमाण पत्र में बड़ा खेलकर नौकरी प्राप्त कर ली। मामले में शिकायत होने के बाद शिक्षक के खिलाफ जांच शुरू हुई तो पूरा काला चिट्ठा खुल गया।

डीआईओएस ने बरेली डीएम को प्रमाण पत्र को निरस्त करने के लिए पत्र लिखा है। उधर राजकीय के अपर शिक्षा निदेशक ने शिक्षक केंद्रपाल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। शिक्षक द्वारा कूटरचित दस्तावेजों से विभाग में नौकरी पाई है तो उसे बर्खास्त भी किया जा सकता है। बरेली के बहेड़ी स्थित दौलतपुर निवासी केंद्रपाल सिंह का चयन राजकीय स्कूलों में हुई भर्ती में एलटी ग्रेड में अंग्रेजी के पद पर हुआ था। वर्ष 2019 में उसने बरेली सदर तहसील से धनगर जाति का प्रमाण पत्र बनवाया था जो एससी में आती है।

जबकि शिक्षक ओबीसी में गडरिया जाति से है। वर्ष 2020 में केंद्रपाल पंडित दीन दयाल उपाध्याय मॉडल विद्यालय रसूलगढ़ में आ गया और तभी से यहां तैनात है। उसके प्रमाण पत्र की शिकायत पर डीआईओएस विनय कुमार ने कमेटी बनाकर प्रकरण में जांच शुरू कराई। जांच में पाया कि शिकायत में जो तथ्य दिए गए वह सही हैं। इसके बाद डीआईओएस ने बरेली डीएम, सदर तहसीलदार व एसडीएम को इसके बारे में अवगत कराते हुए राजकीय के अपर शिक्षा निदेशक को शिक्षक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने का अनुरोध किया था। अब निदेशक अजय कुमार द्विवेदी ने शिक्षक केंद्रपाल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर आगे जांच बैठा दी गई है। डीआईओएस ने बताया कि बरेली डीएम द्वारा भी संबंधित प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया होगा।

धनगर गडरिया की उपजाति है डीआईओएस विनय कुमार ने बताया कि शिक्षक मूलरूप से गडरिया जाति का है, जो कि ओबीसी अन्य पिछड़ा वर्ग में आती है। मगर शिक्षक ने विभाग व उच्चाधिकारियों को गुमराह करते हुए मिलीभगत से धनगर जाति का प्रमाण पत्र बनवा लिया। यह जाति धनगर गडरिया की उपजाति है जो एससी में अधिसूचित है। उन्होंने बताया कि जांच में शिक्षक के दोनों प्रमाण पत्र देखे गए और फिर जातियों का मिलान बरेली एसडीएम द्वारा किया गया वहां पर भी जांच के लिए एक टीम बनाई गई थी। शिक्षक केंद्रपाल ने धनगर जाति का प्रमाण पत्र सात जून को बरेली सदर तहसील से बनावाया था। मगर जांच होने के बाद जो फर्जीवाड़ा सामने आया उसके आधार पर सदर तहसीलदार व डीआईओएस ने प्रमाण पत्र को निरस्त करने के लिए डीएम बरेली से अनुरोध किया था।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 19 अगस्त 2025

# ईसीआई को फटकार

यह बात अलग है कि बिहार में ड्राफ्ट सूची से बाहर किए 65 लाख मतदाताओं की लिस्ट जारी कर दी गई है। वोटर अपने नाम जिलों की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्तैदी दिखाते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के बाद बिहार की मसौदा निर्वाचक सूची से खारिज 65 लाख मतदाताओं के नाम, और कारण प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इसे भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को फटकार के रूप में देखा जाना चाहिए। मतदाताओं के लिए नैसर्गिक न्याय के बुनियादी सिद्धांतों का पालन हो, इसके लिए आयोग को बाध्य करने के वास्ते सुप्रीम कोर्ट की जरूरत पड़ी।

यह इस संस्था द्वारा एसआईआर कराने में गंभीर खामियों और इसके क्रियान्वयन के अति-आत्मविश्वासपूर्ण व जल्दबाजी भरे तरीके को रेखांकित करता है। मृत्यु, या खोजने पर नहीं मिलने या फर्जी/ डुप्लीकेट प्रविष्टि होने के कारण जिनके नाम हटाए गए हैं, उन खारिज मतदाताओं की कोई एक जगह एकत्रित सूची नहीं है, ऐसा दावा आयोग ने किया है। हटाए गए प्रत्येक नाम के सामने कोई कारण भी नहीं दिया गया है। कुछ अखबारों ने विश्लेषित डेटा और जमीनी रिपोर्टों ने महत्वपूर्ण विसंगतियों को उजागर किया है। पुरुषों का प्रवास ज्यादा होने और पुरुषों की हालिया मृत्यु दर भी थोड़ी अधिक होने के बावजूद, पुरुषों (तकरीबन 25 लाख) से कहीं ज्यादा बड़ी तादाद में महिलाओं (32 लाख) का नाम काटा गया है। रिपोर्ट बताती हैं कि तमाम इलाकों में कई मतदाताओं की गलत ढंग से मृत के रूप में पहचान की गई है या वैध मतदाता पहचान पत्र और निवास का प्रमाण होने के बावजूद उन्हें मतदाता सूची में शुमार नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप ऐसे मतदाताओं के लिए उनसे संबंधित गड़बड़ियों के निवारण का एक सार्थक रास्ता उपलब्ध कराता है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आयोग द्वारा तय 1 सितम्बर की आखिरी तारीख नजदीक है। सुप्रीम कोर्ट एसआईआर पर मामले की सुनवाई जारी रखेगा, जो अपने साथ अन्य समस्यापूर्ण तत्वों को भी समेटे हुए है। जनवरी में आयोग द्वारा अपने ही संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद, इस पूरी कवायद की संवैधानिकता पर निर्णय आना बाकी है। इसके अलावा, आयोग अब भी इस बात पर कायम है कि मसौदा सूची में शुमार मतदाताओं को चुनाव पंजीकरण अधिकारियों द्वारा 11 निर्देशित दस्तावेजों, जिसमें ज्यादा सार्वभौम रूप से उपलब्ध आधार या राशन कार्ड शामिल नहीं हैं, में से किसी एक की उपलब्धता के आधार पर जांचा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को खारिज नागरिकों को अपने आधार कार्ड के साथ आपत्तियां दाखिल करने की अनुमति देने का आदेश दिया है और पूर्व की दो सुनवाइयों में इस दस्तावेज को स्वीकार करने के लिए उस पर दबाव डाला है। इसे देखते हुए आयोग को अब आधार कार्ड को भी पहचान दस्तावेज के रूप में शामिल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश एसआईआर कराने में निर्वाचन आयोग द्वारा अपारदर्शी साधनों का इस्तेमाल किए जाने पर भी रोशनी डालता है।


## जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग



विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गति. विधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है, आयोग राजनीतिक दलों के नेताओं के सवालों के जवाब नही दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है, आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है।

**-गौरव गोगोई**
**सांसद कांग्रेस**

# बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद





विनीत नारायण

काफी रस्साकशी के बाद वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनने का रास्ता साफ हो गया। योगी सरकार ने इस मंदिर के प्रबंधन के लिए न्यास भी गठित कर दिया। जिसमें मंदिर की बागडोर अब पूरी तरह सरकार के हाथ में है। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों के परंपरा से चले आ रहे दो समूहोंरू राजभोग सेवा अधिकारी और शयन भोग सेवा अधिकारी में से मात्र एक-एक प्रतिनिधि इस न्यास का सदस्य रहेगा। इस पूरे विवाद में वृंदावन का समाज दो भागो में बटा हुआ था। एक तरफ थे सेवायत गोस्वामी व उनके परिवार, बिहारीपुरा के बाशिंदे और आसपास के दुकानदार, जिनकी संपत्तियां प्रस्तावित कॉरिडोर के दायरे में आ रही हैं। दूसरी तरफ वृन्दावन के आम नागरिक और बाहर से आने वाले दर्शनार्थी। जहां पहला पक्ष कॉरिडोर के विरुद्ध आंदोलन करता आया है। वहीं दूसरा पक्ष कॉरिडोर का स्वागत कर रहा है।

इस विषय में बहुत से गोस्वामीगणों ने मुझसे भी संपर्क किया और इस विवाद में मेरा समर्थन मांगा। कई कारणों से मैं इस मामले में उदासीन रहा। इसकी वजह यह थी कि 2003 -2005 के बीच जब मैं इस मंदिर काअदालत द्वारा नियुक्त रिसीवर यानी, प्रशासक था तो मैंने मंदिर की अव्यवस्थाओं को सुधारने का सफल प्रयास किया था, पर गोस्वामियों का सहयोग नहीं मिला।

30 जून 2003 को मैंने बिहारी जी के मंदिर का कार्यभार संभाला और 1 अगस्त को हरियाली तीज थी। इस दिन उत्तर भारत से लाखों भक्त स्वर्ण हिंडोले में बैठे बांके बिहारी जी के दर्शन करने आने वाले थे। मंदिर के कुछ पुराने गोस्वामियों ने मुझे चुनौती दी कि मैं ए व्यवस्था नहीं संभाल पाऊंगा। ठाकुर जी पर निर्भर होकर चुनौती स्वीकार की और यह पता लगाया कि क्या- क्या समस्याएं आती हैं। सबसे बड़ी समस्या थी, बिहारी जी तक जाने वाले पांचों मार्गों से आने वाली अपार भीड़। दूसरी समस्या थी, मंदिर के प्रवेश द्वार पर जूते चप्पलों का पहाड़ बन जाना। तीसरी समस्या थी, लोगों की जेब कटना और सोने की चेन खींचना। चौथी समस्या थी, महिलाओं के साथ भीड़ का दुर्व्यवहार। मैं फौरन दिल्ली गया और छतरपुर स्थित कात्यानी देवी के मंदिर के प्रबंधक तिवारी जी से मिला। जो हर नवरात्रि पर लाखों दर्श्नार्थियों की भीड़ संभालते थे। उन्होंने बताया कि एसपीजी के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी भीड़ प्रबंधन की एजेंसी चलाते हैं। उनसे संपर्क किया और उन्हें वृन्दावन बुलाया। मथुरा के तत्कालीन जिलाधिकारी सुधीर वास्तव और एसएसपी सतेन्द्र वीर सिंह से लगभग दो सौ सिपाही मांगे और इतने ही स्वयंसेवक अपने संगठन ब्रज रक्षक दल के बुलाए। इन चार सौ लोगों को मोदी भवन में भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित किया। इस कार्य में मान मंदिर के युवा साधुओं का विशेष सहयोग मिला। बिपिन व्यास ने सुझाव दिया कि मंदिर आने और जाने का एक-एक ही मार्ग रखा जाए और बाकी मार्ग बंद कर दिए जाएं। इसके अलावा विद्यापीठ के चौराहे पर दस हजार टोकन के साथ जूता घर बनाया गया। जिसमें सेवा करने चांदनी चौक दिल्ली के युवा व्यापारी आए। एसपीजी के इन अधिकारियों ने मंदिर के प्रांगण से विद्यापीठ चौराहे तक पूरे मार्ग को दस सेक्टरों में बांट दिया और वॉकी-टॉकी से हर सेक्टर के दर्शनार्थीयों को क्रमानुसार आगे बढ़ाया। महिलाओं और बुजुर्गों की सहायता के लिए हमने हर सेक्टर में 'ब्रज रक्षक दल' के स्वयं सेवक तैनात किए गए।

इन सब व्यवस्थाओं का परिणाम यह हुआ कि न तो किसी की जेब कटी, न धक्का-मुक्की हुई, न चप्पल-जूते खोए, बल्कि बूढ़े और जवान सबको बड़े आराम से दर्शन हुए। इस हरियाली तीज के कई दिन बाद तक मुझे मुंबई, कलकत्ता और अन्य शहरों से परिचित भक्त परिवारों के फोन आते रहे कि जैसी व्यवस्था बिहारी जी में इस बार हुई ऐसी पहले कभी नही हुई। कहने का तात्पर्य यह है कि भीड़ कितनी भी हो दर्शन की व्यवस्था सुधारी जा सकती थी।

मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा। लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां विडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बिठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।

बिहारी जी के मंदिर की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मैंने वाजपेई सरकार में केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री जगमोहन जी को वृन्दावन बुलाया। उन्होंने मेरे साथ बिहारी जी के मंदिर का विस्तृत दौरा किया और अगले ही दिन दिल्ली से एएसआई व सीपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिका. रियों के मुझे फोन आने लगे कि, 'मंत्री जी ने हमें आदेश दिया है कि आपके जो निर्देश हों, उनके अनुसार मंदिर की व्यवस्था को सुधारने में सहयोग करें।' इससे मंदिर में हलचल मच गई। मुझे कुछ गोस्वामियों के गुमनाम फोन आए, जिन्होंने धमकी दी कि मैं मंदिर की व्यवस्था में कोई बदलाव न करूं। मैंने रमेश बाबा से पूछा कि क्या करूं? वे बोले, ब्राह्मणों के पेट पर लात मारने वाला दीर्घ काल तक 'रौरव नर्क' में फेंक दिया जाता है। तुम यह मत करो। उनका यह रुख देखकर तब मैंने इस दिशा में प्रयास करना बंद कर दिया। किन्तु मंदिर की दैनिक व्यवस्था में जितना सुधार कर सकता था किया। फिर यह सोचकर कि मुझे अपनी ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रज के विकास पर लगानी चाहिए, एक मंदिर में उलझकर नहीं रहना चाहिए। इसलिए 22 महीने बाद 2005 में मैंने स्वत: ही बिहारी जी के मंदिर के रिसीवर पद से त्यागपत्र दे दिया। मैं ऋणी हूं बिहारी जी का, संतों का, अपने ब्रजवासी बंधुओं का व बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों का, जिन्होंने इस कार्यकाल में मेरी विनम्र सेवा को स्वीकार किया और सराहा। अगर मंदिर के सभी आदरणीय गोस्वामीगण 2003-05 में मंदिर की व्यवस्थाओं को स्थाई रूप से सुधारने के लिए निष्काम भावना से किए जा रहे मेरे ठोस प्रयासों में सहयोग करते तो कदाचित यह स्थिति न आती।

**मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा, लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां वीडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बैठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेजॉन जंगलों में बढ़ रहा पारा प्रदूषण

**वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष एक हजार टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है।**

अमेजॉन के जंगल 1।7 अरब एकड़ में फैले सर्वाधिक जैव विविधता वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं। अमेजॉन क्षेत्र में नौ देशों के क्षेत्र शामिल हैं, ब्राजील (60 प्रतिशत), पेरू (13 प्रतिशत), कोलंबिया (10 प्रतिशत) और वेनेजुएला, इक्वाडोर, बोलीविया (6 प्रतिशत), गुयाना, सूरीनाम और फ्रेंच गुयाना के हिस्से हैं। पेरू के अमेजॉन में नदी में खुदाई करके सोने का खनन होता है। खनिक सोनायुक्त तलछट में पारा मिलाते हैं, जो सोने के साथ अमलगम बना लेता है। अमलगम को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता हैय पारा वाष्पित हो जाता है और सोना शेष बच जाता है। इस तरह वाष्पीकृत पारा अमेजॉन में पारा प्रदूषण का मुख्य कारण है।




2011 में, मात्र सोने के खनन के लिए लगभग 1400 टन पारे का उपयोग किया गया था, जो पारे की वैश्विक खपत का 24 प्रतिशत है। अधिकांश पारे का पुनर्चक्रण नहीं किया जाता है, जिससे सोना खनन पर्यावरण के लिए पारा प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत बन जाता है। पारा एक शक्तिशाली तंत्रिका-विष है जो लोगों और वन्यजीवों दोनों में तंत्रिका सम्बंधी क्षति का कारण बन सकता है। वन्यजीवों में मिथाइल मर्करी की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। 12 पक्षी प्रजातियों में कई गुना अधिक पारा पाया गया है। और तो और, 10 में से 7 ब्लैक-स्पॉटेड बेयर आई पक्षियों में पारे की मात्रा उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित करने के स्तर पर पाई गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO ने पारे को सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के शीर्ष दस रसायनों में से एक माना है। पारा प्रदूषण वन्यजीवों को खतरे में डाल रहा है, जिससे जगुआर और नदी डॉल्फिन समेत कई मछलियां खतरे में हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, वायुमंडल में प्रतिवर्ष मानव निर्मित पारे के उत्सर्जन का लगभग 10 प्रतिशत वैश्विक वनों की कटाई का परिणाम है। वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष 1000 टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है। प्रदूषण को कम करने के लिए कदम उठाना जरूरी है। इसके लिए अमेजॉन का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि अमेजॉन वर्षावन पारा सिंक के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। यह वैश्विक भूमि सिंक में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देते हैं। अमेजॉन वनों की कटाई को रोकने से पारा प्रदूषण काफी कम किया जा सकता है।

**-सुदर्शन सोलंकी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# तकनीक और स्मृतियों का अनूठा संगम है फोटोग्राफी



फोटोग्राफी की दुनिया आज बिल्कुल बदल चुकी है। दरअसल एक जमाना था, जब लोगों को फोटो खिंचवाने के लिए फोटो स्टूडियो तक जाना पड़ता था लेकिन अब छोटे से छोटे तबके के व्यक्तियों के पास भी कैमरे वाले फोन हैं, जिनसे बड़ी आसानी से कहीं भी और कभी भी तस्वीरें खींची जा सकती हैं और उन्हें सहेजकर रखा जा सकता है। यह अलग बात है हर जेब में मोबाइल होने और हर व्यक्ति के फोटोग्राफर बन जाने के बाद भी दुनियाभर में अच्छे फोटोग्राफर कम ही हैं।

दरअसल एक अच्छा फोटो प्राप्त करने की पहली शर्त है आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश, छाया, कैमरे की स्थिति, उचित एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव करना इत्यादि। अच्छे फोटो के बारे में पेशेवर फोटोग्राफरों का कहना है कि कैमरे के फ्रेम में क्या लेना है, इससे ज्यादा किसी भी अच्छे फोटोग्राफर को इस बात का ज्ञान होना बेहद जरूरी है कि उसे फ्रेम के बाहर क्या-क्या छोड़ना है। कोई भी फोटो अच्छा क्यों होता है, इस तथ्य का सही ज्ञान ही किसी फोटोग्राफर को सामान्य से विशिष्ट बनाने के लिए पर्याप्त होता है। जब तक किसी फोटो में मानवीय संवेदनाएं नजर नहीं आएंगी, तब तक उसे बेहतर तस्वीर नहीं माना जा सकता। किसी भी फोटो में स्पष्ट दिखने वाली ऐसी ही मानवीय संवेदनाओं के कारण ही प्राय: कहा भी जाता है कि एक फोटो हजार शब्दों के बराबर होता है। इसलिए कोई भी फोटो तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता, जब तक कि वह मानवीय संवेदना को झकझोर न दे। किसी भी उत्पाद के प्रचार के लिए बनाए जाने वाले विज्ञापन को आकर्षक बनाने में भी एक अच्छे फोटोग्राफर का योगदान बहुत बड़ा होता है। फोटोग्राफी के क्षेत्र में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने, फोटोग्राफी को लेकर विचारों को एक-दूसरे के बीच साझा करने, फोटोग्राफी के क्षेत्र में आने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने तथा विश्वभर के फोटोग्राफरों को एकजुट करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'मेरी पसंदीदा तस्वीर' थीम के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल दुनियाभर में फोटोग्राफी के शौकीन ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्होंने फोटोग्राफी को ही अपना कैरियर बना लिया है। वास्तव में फोटोग्राफी दिवस उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने विशेष पलों को अपने कैमरे से तस्वीरों में कैद कर उन्हें सदा के लिए यादगार बना दिया। यह दिवस इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ऐसे व्यक्तियों के कार्यों को स्मरण करने के अलावा भावी पीढ़ी को भी फोटोग्राफी में अपना कौशल दिखाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस की योजना की शुरुआत आस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा द्वारा वर्ष 2009 में की गई थी और उसके बाद विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 19 अगस्त 2010 को पहली वैश्विक ऑनलाइन फोटो गैलरी का आयोजन किया गया था। उस दिन दुनियाभर के 250 से भी ज्यादा फोटोग्राफरों ने अपनी खींची तस्वीरों के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया था और 100 से भी ज्यादा देशों के लोगों ने उस ऑनलाइन फोटो गैलरी को देखा था। इसीलिए वह दिन फोटोग्राफी के शौकीनों और पेशेवर फोटोग्राफरों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया था। 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' आज से करीब 186 वर्ष पहले फोटोग्राफी को लेकर घटी एक घटना की याद में मनाया जाने लगा। दरअसल जनवरी 1839 में फ्रांस में जोसेफ नीसपोर और लुई डागुएरे ने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया के आविष्कार की घोषणा की थी, जिसे दुनिया की पहली 'फोटोग्राफी प्रक्रिया' माना जाता है। फोटोग्राफी शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'फोटोज' (प्रकाश) और 'ग्राफीन' (खींचने) से मिलकर हुई है। वर्ष 1839 में वैज्ञानिक सर जॉन एफ डब्ल्यू हश्रेल ने पहली बार 'फोटोग्राफी' शब्द का उपयोग किया था। फ्रांसीसी वैज्ञानिक आर्गो ने 7 जनवरी 1839 को फ्रैंच अकादमी ऑफ साइंस के लिए इस पर एक प्रोसेस रिपोर्ट तैयार की और फ्रांस सरकार ने यह रिपोर्ट खरीदकर 19 अगस्त 1839 को इस आविष्कार की घोषणा करते हुए इसका पेटेंट प्राप्त कर आम लोगों के लिए इस प्रक्रिया को मुफ्त घोषित किया था। इसीलिए 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' मनाने के लिए 19 अगस्त का दिन ही निर्धारित किया गया। अपने आविष्कार के 186 वर्षों लंबे इस सफर में फोटोग्राफी ने अनेक आयाम देखे हैं। सही मायनों में दुनियाभर की खूबसूरती को कैमरे में समेटकर उसे जब चाहें मन भरकर देखने का बेहतरीन जरिया है फोटोग्राफी। वास्तव में हमारे जीवन में फोटो ही ऐसी वस्तु हैं, जो पुरानी यादों को अपने भीतर समेटकर उन्हें बरसों तक जिंदा रखती हैं। मोबाइल कैमरे से ली जाने वाली सेल्फी का तो आज की युवा पीढ़ी पर जुनून सा छाया है लेकिन विश्व की पहली सेल्फी 186 वर्ष पूर्व अर्थात् वर्ष 1839 में ही ली गई थी और यह सेल्फी ली थी अमेरि. कन फोटोग्राफर रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने। उन्होंने अपने कैमरे को सैट करने के बाद लेंस कैंप को हटाकर फ्रेम में चलकर फोटो ली थी, जिसे अब सेल्फी कहा जाता है। हालांकि उस समय स्वयं कॉर्नेलियस को भी नहीं पता था कि उनके द्वारा उस अंदाज में खींचा गया वह फोटा भविष्य में सेल्फी के रूप में जाना जाएगा। कॉर्नेलियस द्वारा ली गई सेल्फी वाली वह तस्वीर आज भी यूनाइटेड स्टेट लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस प्रिंट में उपलब्ध है। तकनीकी और वैज्ञानिक सफलता के इस दौर में फोटोग्राफी के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, जिनकी बदौलत अब कैमरे का एक बटन दबाने के बाद चंद पलों या मिनटों में बेहतरीन तस्वीर हमारे हाथ में होती है लेकिन तमाम तकनीकी प्रगति के बावजूद बेहतरीन क्वालिटी के प्रिंटर होने पर भी अच्छा फोटो प्राप्त करने के लिए फोटोग्राफी की कुछ बारीकियों का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। वैसे फोटोग्राफी के आविष्कार ने मानव जीवन में बहुत क्रांतिकारी भूमिका निभाई है और यह इसी से समझा जा सकता है कि दुनिया के किसी भी कोने में खींचे गए चित्रों के माध्यम से अब पलभर में ही वहां के जनजीवन तथा घटनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाती है। फोटोग्राफी का अनोखा आविष्कार न केवल दुनियाभर में लोगों को एक-दूसरे के बेहद करीब लेकर आया बल्कि इसी आविष्कार की ही बदौलत एक-दूसरे को जानने और उनकी संस्कृति को समझकर इतिहास को समृद्ध बनाने में भी बड़ी मदद मिली है।

**-योगेश कुमार गोयल**

# यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प

## क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा, अमेरिकी अधिकारी बोले: पुतिन यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने पर राजी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन को सैन्य गठबंधन नाटो में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उसे 2014 से रूस के कब्जे वाला क्रीमिया वापस मिलेगा। ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट किया कि जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ चल रहा युद्ध तुरंत खत्म हो सकता है। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जेलेंस्की लड़ाई जारी रखना चाहते हैं या शांति का रास्ता अपनाते हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि 12 साल पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबा. मा के दौर में बिना गोली चले क्रीमिया रूस को सौंप दिया गया था और यूक्रेन भी नाटो में शामिल नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन की जमीन पर रूस के कब्जे को मान्यता देने से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन को नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में विटकाफ ने बताया कि 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की



■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकते है
■ 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी: स्टीव

सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी। हालांकि पुतिन ने साफ किया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देने पर रूस कभी राजी नहीं होगा। पुतिन ने इसे रेड लाइन कहा है। विटकाफ के मुताबिक प्रस्तावित डील के तहत अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो के आर्टिकल-5 जैसी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराएंगे। बता दें कि आर्टिकल-5 के तहत किसी एक सदस्य देश पर हमला सभी पर हमला माना जाता है। वहीं अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि अगर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2014 में रूसी संघ में शामिल हुए यूक्रेन के क्रीमिया को वापस लेने या यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इंकार किया। राष्ट्रपति ट्रम्प की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ज़ेलेंस्की व्हाइट हाउस में उनके साथ बैठक करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का शिखर सम्मेलन में यूक्रेन मामले पर बातचीत हुई है। यूक्रेन में शांति की जिम्मेदारी ज़ेलेंस्की पर डालते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की चाहें तो युद्ध को तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि इसकी शुरुआत कैसे हुई थी। ट्रंप ने क्रीमिया को वापस लेने की संभावना से भी इंकार किया। क्रीमिया 2014 में एक जनमत संग्रह के बाद रूसी संघ में शामिल हुआ था लेकिन पश्चिमी देश इसे स्वीकार नहीं करते। क्रीमिया के बारे में ट्रंप ने कहा कि 12 साल पहले पूर्व राष्ट्रपति ओबामा द्वारा दिया गया क्रीमिया वापस नहीं लिया जा सकता है। ट्रंप ने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इनकार किया जिसकी मांग यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की वर्षों से कर रहे हैं। इससे पहले ज़ेलेंस्की वार्ता में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी पहुंचे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यूक्रेन यूरोपीय सहयोगियों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गारंटी हासिल कर सकता है। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं पहले ही वाशिंगटन पहुंच चुका हूं। कल मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा और यूरोपीय नेताओं के साथ भी बातचीत करूंगा। मैं इस निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का आभारी हूं। जेलेंस्की ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे जिसके बाद ट्रम्प और प्रमुख यूरोपीय नेताओं के बीच एक व्यापक बैठक होगी।



लेबनान। इजरायल-लेबनान युद्ध विराम: एक व्यक्ति मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की तस्वीर लेकर जश्न मनाते हुए।

## भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सालिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रहीं हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास आनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा-मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थाई जुनून भी मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्वाडोर में हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**क्विटो।** उत्तर-पश्चिमी इक्वाडोर के सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्सचिलास प्रांत में रविवार सुबह हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार तड़के प्रांत की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक बिलियर्ड हॉल में काले कपड़े पहने कई बंदूकधारी पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी।

### मनोज कुमार महापात्रा मोल्दोवा में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विद. ेश सेवा के अधिकारी और रोमानिया में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा का भी राजदूत बनाया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रोमानिया में भारत के राजदूत मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा में भी देश का राजदूत नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डा. महापात्रा बुखारेस्ट में ही रहेंगे और मोल्दोवा के राजदूत की भी भूमिकास निभाएंगे।

### अलेप्पो में आत्मघाती हमलावर की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में अलेप्पो के अल-मयसर जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने विस्फोटक बेल्ट में विस्फोट कर खुद को उड़ा दिया। आधिकारिक समाचार एजेंसी सना ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि विस्फोट शहर के पूर्व में एक बेकरी के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी भी नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं है। विस्फोट में मारे गये व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है और अभी तक किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। इस साल सीरिया में बम विस्फोटों की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।

### इंडोनेशिया में भूकंप से 41 लोग घायल दो की हालत गंभीर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में आये जोरदार भूकंप में 41 लोग घायल हो गये हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर है। मध्य सुलावेसी की क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीपीबीडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता छह मापी गई है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप रविवार सुबह आया और इसमें सुनामी की कोई चेतावनी नहीं जारी की गई। यह देश प्रशांत महासागरीय पैसिफ़कि रिग ऑफ़ फायर के अंतर्गत आता है जो उच्च भूकंपीय क्षेत्र है।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 40 से ज्यादा लोग लापता

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोकोटो में एक नाव के पलटने से 40 से अधिक लोग लापता हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। अधिकारियों के अनुसार, कम से कम 10 लोगों को बचा लिया गया है और लापता 40 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है।

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) ने दुर्घटना के बाद चल रहे बचाव कार्यों में सहायता के लिए अपनी प्रतिक्रिया टीम तैनात की है। एनईएमए के अनुसार, नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा कि एजेंसी ने यह रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है कि गोरोन्यो बाजार

■ नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई: एनईएमए

में 50 से अधिक यात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई है। स्थानीय अधिकारियों का मानना है कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के होने के कारण यह दुर्घटना हुई जो सोकोटो के नदी में बार-बार होने वाला सुरक्षा मुद्दा है जहां नावों में अक्सर क्षमता से अधिक लोग सवार होते हैं। सोकोटो राज्य में यह पहली ऐसी घटना नहीं है। अगस्त 2024 में नदी पार करते समय नाव पलट जाने से 16 किसानों की मौत हो गई थी। एनईएमए स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से अपने खोज एवं बचाव अभियान जारी रखा हुआ है।

## रूस-मंगोलिया सैन्य अभ्यास साइबेरिया में शुरू

**उलान-उडे।** रूस-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 सोमवार को पूर्वी साइबेरियाई क्षेत्र बुरातिया के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में एक कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ। एक आधिकारिक बयान में कहा गया बुरतिया गणराज्य में पूर्वी सैन्य जिले के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में संयुक्त रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 का शुभारंभ हुआ। रूस के सामरिक समूह के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल रविल तुकाएव और मंगोलियाई सामरिक समूह के कमांडर मेजर सुउर दावागाम्बो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बुरातिया के गवर्नर एलेक्सी त्सिडेनोव भी समारोह में शामिल हुए। रूसी लेफ्टिनेंट जनरल मिखाइल नोसुलेव ने कहा आज, रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास, सेलेंगा 2025, बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में शुरू हो रहा है।

# गाजा में इजरायली हमले में 42 लोगों की मौत

## इजरायल ने विस्थापित लोगों के लिए बने तंबू पर बरसाई गोलियां

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा किए गए हमलों में रविवार को 42 फलस्तीनी मारे गए। यह जानक. ारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने शिन्हुआ से कहा कि गाजा शहर में बैपटिस्ट अस्पताल के पास इजरायली गोलाबारी में सात लोग मारे गए और शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित जितून में एक घर पर इजरायली गोलाबारी में एक व्यक्ति मारा गया। प्रवक्ता ने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में चार लोग मारे गए। बसल के अनुसार, खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनी मारे गए जबकि मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बलाह शहर में दो अलग-अलग हवाई हमलों में



- 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61944 लोग मारे गए हैं और कुल 155886 लोग घायल हुए
- पिछले 24 घंटे में गाजा के अस्पताल में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं, जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं

तीन लोग मारे गए। प्रवक्ता ने कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में सहायता का इंतज़ार कर 15 फलस्तीनी इज़रायली सेना की गोलीबारी में मारे गए। इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रविवार को गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 मार्च को इजरायल द्वारा अपने सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 10,400 फलस्तीनी मारे गए हैं और 43,845 घायल हुए हैं जबकि अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61,944 लोग मारे गए है और कुल 155,886 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा के अस्पतालों में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 तक भुखमरी और कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या 258 हो गई है जिनमें 110 बच्चे शामिल हैं।

# पाक में बाढ़ से तबाही, अब तक 1000 से ज्यादा की मौत

## आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की वजह से 1000 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) मामलों के सूचना समन्वयक इख्तियार वली खान ने हालात पर गंभीर चिंता जताई है।

उन्होंने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ में लगभग 1,000 लोगों की मौत होने की आशंका है। वली ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। बड़े पैमाने पर तबाही देखी है। उन्होंने कहा कि पूरे गांव बर्बाद हो गए हैं। बुनेर के चघरजी इलाके में भारी तबाही हुई है। बशोनी गांव पूरी तरह से नक्शे से गायब हो गया है। बाढ़ के पानी में बहकर आए कुछ पत्थर ट्रकों से भी बड़े थे। नदी किनारे बसे घर गायब हैं। पूरे के पूरे परिवार बह गए हैं। किसी की कोई खोज खबर नहीं है। उन्होंने खुलासा किया कि आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित हैं। अब तक लगभग 600 से ज्यादा शव बरामद



■ मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुई: एनडीएमए

हुए हैं। हालांकि, कई और हताहतों की सूचना अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने आंशका जताई कि अकेले दीर में ही मौतों की संख्या 1,000 से ज्यादा हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, 26 जून से अब तक पूरे पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में 392 पुरुषों सहित कम से कम 657 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 929 अन्य घायल हुए हैं। कुल मृतकों में 171 बच्चे और 94 महिलाएं थीं। घायलों में 437 पुरुष, 256 बच्चे और 236 महिलाएं हैं। एनडीएमए ने बताया कि मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश, अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुई। उसने यह भी कहा कि वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए प्रांतीय अधिका. रियों के साथ समन्वय कर रहा है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां 390 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 288 पुरुष, 59 बच्चे और 43 महिलाएं शामिल हैं। केपी में 245 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें 161 पुरुष, 45 बच्चे और 39 महिलाएं शामिल हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासचिव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता जताई।

# भारत चमकती मर्सिडीज, पाक डंपर ट्रक

## पाक मंत्री बोले: अगर ये दोनों टकराए, तो नुकसान किसका होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा: अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज



■ भारत के छह जेट गिराने का दावा किया

भी है, लेकिन उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया। नकवी ने यह भी कहा कि हमें पहले से पता था कि भारत क्या योजना बना रहा है और कौन से विमान इस्तेमाल करेगा। नकवी ने दावा किया कि भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान भारत का कोई भी मिसाइल पाकिस्तान के किसी बड़े सैन्य अड्डे पर नहीं गिरा। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के एक तेल डिपो को तबाह कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने अभी तक कोई वीडियो या ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर चुनिंदा सैन्य ठिकानों पर सटीक और संतुलित हमले किए। भारत ने इन दावों को पहले ही खारिज कर चुका है। सिंगापुर में 31 मई को भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह गलत बताया था। भारत ने मैक्सार टेक्नोलाजी की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों से बता चुका है कि पाकिस्तान के कई हवाई अड्डों पर हमले किए गए, जिसमें रनवे, हैंगर और इमारतों को भारी नुकसान हुआ।

## मिस्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** नेपाल की दो दिन की यात्रा पर गये विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि मिस्री राय के निमंत्रण पर रविवार को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने नेपाल के शीर्ष नेतृत्व को दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति से अवगत कराया। विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से केपी शर्मा ओली को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथियों पर भारत आने का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। दोनों विदेश सचिवों ने व्यापक चर्चा के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय पहलों में हुई प्रगति की समीक्षा की और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की जिसमें संभावित परिणाम भी शामिल थे जो प्रधानमंत्री ओली की आगामी भारत यात्रा के एजेंडे का हिस्सा बन सकते हैं।

# रूस से तेल खरीदने वाले चीन पर टैरिफ क्यों नहीं लगा

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताई चौंकाने वाली वजह: चीन रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा

**वाशिंगटन।** रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बीते दिनों भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वहीं चीन को छूट दी गई है।

अब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इसकी वजह का खुलासा किया है। मार्को रूबियो ने बताया कि चीन, रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान मार्को रूबियो से पूछा गया कि ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने के लिए चीन को टैरिफ से छूट क्यों दी है, जबकि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया



**अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा**

है? इस पर रूबियो ने चौंकाने वाला जवाब दिया। रूबियो ने कहा कि अगर आप देखें तो चीन जो कच्चा तेल रूस से खरीद रहा है, वो उसे रिफाइन करके वापस यूरा. ेपीय देशों को बेच रहा है। रूबियो ने कहा अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और तेल की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ सकती हैं। रूबियो ने कहा कि चीन पर संभावित प्रतिबंध को लेकर यूरोपीय देशों ने भी निराशा जाहिर की है। मार्को रूबियो ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमे. रिका हर दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हालात पर नजर रख रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच हुआ संघर्षविराम कभी भी टूट सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम तभी संभव होता है जब दोनों पक्ष रुकने पर सहमत हों, लेकिन उसे बनाए रखना बेहद मुश्किल होता है।

### रूस: उत्पादन संयंत्र में लगी आग, 20 की मौत, 134 घायल

**मॉस्को।** मध्य रूस में रियाज़ान ओब्लास्ट के शिलोव्स्की जिले में एक उत्पादन संयंत्र में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 134 अन्य घायल हो गए हैं। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक मॉस्को समयानुसार सुबह 7:00 बजे (04:00 जीएमटी) तक आग में झुलसने के कारण 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी। घायलों में से 31 का रियाज़ान और मॉस्को के अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 103 अन्य का बाह्य रोग उपचार चल रहा है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108